





झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शनिवार, 25 जनवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -218 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्री अंगद महतो**
**प्रखंड अध्यक्ष गोला, आजसू पार्टी**

**जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें। क्योंकि पुरी दुनिया में कारपेट बिछाने से खुद के पैरों में चप्पल पहन लेना अधिक सरल है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **76,000**
चांदी (प्रति किलो) : **96,000**
(नोट: सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **76,190.46**
निफ्टी :- **23,092.22**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **25** °
न्यूनतम तापमान : **10** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:31**
संध्या :- **17:31**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1554 को जेसुइट मिशनरी जोस डी एंचीटा और मनोएल दा नोब्रेगा ने साओ पाउलो डॉस कैम्पोस डी पिराटिनिंगा में एक मिशन की स्थापना की, जो बढ़कर साओ पाउलो, ब्राजील बन गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में 4 लोगों की हुई मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इंदिरा नहर के पास बृहस्पतिवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. घटना बीबीडी थाना क्षेत्र में हुई. पुलिस ने बताया कि एक एसयूवी कार को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी और फिर एक वैन उसमें जा घुसी. पुलिस के अनुसार, इस दुर्घटना में वैन में सवार तीन और एसयूवी कार में सवार एक व्यक्ति समेत चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में 11 लोग घायल हुए हैं. उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चार लोगों की मौत हो गई. थानाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि मृतकों और घायलों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान शहजाद (40), किरण यादव (38), कुंदन (20) और हिमांशु (17) के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि घायलों को राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

### उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप का दूसरा बड़ा झटका

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक सुबह उत्तरकाशी में दो बार भूकंप के झटके आए. भूकंप का पहला झटका सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर आया. इसके बाद भूकंप का दूसरा झटका 8 बजकर19 मिनट पर. भूकंप के पहले झटके की तीव्रता 2.7 थी, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर बताई जा रही है. भूकंप के दूसरे झटके की तीव्रता 3.5 रिक्टर रही. जैसे ही भूकंप के झटके महसूस किए गए, वैसे ही लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए. लोगों को 1991 के भूकंप की याद आ गई, जिस वजह से लोग डर गए. 1991 में उत्तरकाशी में भूकंप ने काफी तबाही मचाई थी. शुरूआती जानकारी के अनुसार फिलहाल नुकसान की कोई खबर नही है.

### स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक

# केंद्र सरकार से मिली राशि का समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र दें : मुख्य सचिव

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है. उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा. साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी. गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है. मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं.

**5225 करोड़ मिला**

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है. वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है. बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है. बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है. समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है.

उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं. अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी. नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है. तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है. बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए पर्यटन विभाग को तत्संबंधी कार्रवाई के लिए कहा गया है. वहीं वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं. इसके तहत झारखंड में कुल 8 हॉस्टल का निर्माण होना है.

भारत सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गयी है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है.

**250 करोड़ का दावा**

समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है. बताया गया कि अर्बन प्लानिंग रिफार्म के तहत भवन निर्माण नियम को युक्तिसंगत करने के लिए 30 करोड़ रुपये का दावा केंद्र सरकार से किया गया है. समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव श्री राहुल पुरवार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, परिवहन सचिव कृपानंद झा, खान सचिव जितेंद्र सिंह, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे.

# रांची पुलिस ने टीएसपीसी के दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** ओरमांझी स्थित क्रशर प्लांट में पोकलेन मशीन और हाईवा में आगजनी करने वाला टीपीसी एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार हुआ है. एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए टीपीसी एरिया कमांडर विक्रांत उर्फ सुजीत और मनी कुमार को गिरफ्तार किया है. इनके पास से हथियार भी बरामद हुआ है. एसएसपी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित टीएससी तीन-चार उग्रवादी दो पहिया वाहन से गुंजा स्थित केशर प्लांट के आस-पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए घुम रहे हैं. जिसके बाद छापामारी दल का गठन किया गया.

**रेकी करने आए थे उग्रवादी**

पुलिस की टीम ने छापामारी कर गुंजा स्थित केशर प्लांट में घटना को अंजाम देने के लिए रेकी करने आये उग्रवादियों में से एक उग्रवादी को पकड़ा. जिससे पूछताछ में पता चला कि यह व्यक्ति टीएससी का एरिया कामाण्डर विकान्त जी है. जिसका असली नाम संजीत गिरी उर्फ सजीत दास है. वह पूर्व में कई बार जेल जा चुका है. पकड़ाये अपराधी से इस कांड में शामिल लोगों के बारे में पता चला कि रांची-रामगढ़ के व्यवसायी, जमीन कारोबारी, ईट्टा भट्टा कारोबारी और क्रशर संचालकों से वाट्सएप के माध्यम से रंगरदारी मांग चुका है. पूछताछ के दौरान पता चला की रंगदारी मांगने के लिए राउटर, जंगी एप, वाट्सएप और अन्य सोशल साईट का प्रयोग करते हैं.

# महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत, कई घायल

**एजेंसी**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के भंडारा जिला स्थित जवाहरनगर में आज शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे एक ऑर्डिनेंस फैक्टरी में विस्फोट हो जाने से आठ लोगों की मौत हो गयी. घटना में कई मजदूरों के घायल होने की खबर है. मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची. दमकलकर्मी फैक्टरी में लगी आग बुझाने का मशक्कत में लग गये. पुलिस ने बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया. स्थानीय लोगों के अनुसार धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी. विस्फोट फैक्ट्री की सी सेक्शन 23 बिल्डिंग में हुआ है. विस्फोट होते ही फैक्टरी में अफरातफरी मच गयी. घटना को बाद रेस्क्यू टीम ने फैक्टरी से सभी मजदूरों को बाहर निकाला. फैक्टरी के अधिकारियों ने हादसे की जांच की बात कही है.जानकारी के अनुसार जहां विस्फोट हुआ है, वहां की छत ढह गयी. मलबे में कई कर्मचारी दब गये. मलबा हटाने के लिए जेसीबी लगाई गयी है.

**राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया, शोक संवेदना प्रकट की**

इस घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी बयान सामने आया है. उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं. बचाव दल घटनास्थल पर तैनात है। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं.

**महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने घटना पर दुख जताया**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने घटनापर दुख जताते हुए कहा कि भंडारा जिले में आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसे होने की खबर है. जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की मदद की जा रही है. बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को बुलाया गया है. जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय कर बचाव कार्य में लगा हुआ है. चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है. मैं इस घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं.









# लोहरदगा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन 300 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य जांच दी गई दवा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**लोहरदगा।** सदर प्रखंड कार्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य शकील अंसारी, सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी, डॉ. शंकर प्रसाद और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में अतिथियों का स्वागत सहिया दीदियों और चिकित्सा कर्मियों द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेले में 27 विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए लगभग 300 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। मौके पर मुख्य अतिथि शकील अंसारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस तरह के मेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार लोग गंभीर बीमारियों से अनजान रहते हैं, जो समय पर जांच कराने से ही पता चलती हैं। समय पर उपचार मिलने से रोग मुक्त होने के अवसर बढ़ जाते हैं। सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग हर वर्ष इस तरह के मेले का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में हर तरह की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए हैं, जहां लोग अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं और उचित परामर्श लेकर इलाज करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मेले में आने वाले सभी लोगों को नामांकन कराना जरूरी है, ताकि उनकी पूरी जानकारी दर्ज हो सके और भविष्य में इलाज से संबंधित सुविधाएं आसानी से मिल सकें। डॉ. शंकर प्रसाद ने झारखंड सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेलों का आयोजन ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों से इन मेलों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और साथ ही लोगों को बिना प्रमाणिकता वाले डॉक्टरों से इलाज न कराने की सलाह दी। मेले के दौरान अतिथियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोहरदगा में भव्य समारोह, डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दिया लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को लेकर लोहरदगा समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी -सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही, लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपने जीवन का योगदान देने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक कृष्णा खलखो और शांति देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया को सफल और पारदर्शी बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 सहायक निवार्ची पदाधिकारी, 9 बीएलओ, 7 बीएलओ सुपरवाइजर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के 11 कर्मी और 3 हेल्प डेस्क मैनेजर को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इन सभी ने निर्वाचन प्रक्रिया में अनुकरणीय योगदान दिया है। इस अवसर पर डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण को ₹व्हाई भारत मैटर्स₹ नामक पुस्तक सप्रेम भेंट की गई। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इसे और विशेष बना दिया। उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मतदाता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के इस आयोजन ने लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने और नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बेहद सफल रहा।

## लोहरदगा स्टेशन रोड में सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल सदर अस्पताल में हुआ इलाज

**लोहरदगा।** लोहरदगा स्टेशन रोड में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय सदन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉ शिव शंकर मुंडा द्वारा किया गया। घटना में घायल महिला की पहचान बगड़ू चांपी निवासी 22 वर्षीय सूरज मुनि के रूप में की गई है। घायल के परिजनों ने बताया कि महिला अपने एक परिचित के साथ लोहरदगा रेलवे स्टेशन बगड़ू चांपी जा रही थी इसी दौरान स्टेशन रोड में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल लोहरदगा सदर अस्पताल में डॉ शिव शंकर मुंडा के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

## आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराये राधातिर्की

**सेन्हा सामूदायिक स्वास्थ केंद्र स्थित प्रांगण में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया.ओजोत स्वास्थ्य मेला का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सजीत आनंद एवं अन्य चिकित्सीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया.वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि आमजनों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराये स्वास्थ्य मेला हो या कोई भी सरकारी योजना का शिविर लगता है.सभी ग्रामीण आम जन नामांकन कराये और स्टॉल में जाये तथा अपने बीमारी से सम्बंधित डॉक्टर से इलाज करा कर दवा लें स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में करीब 452 मरीजों का इलाज किया गया.साथ ही दवा वितरण किया गया है.मौके पर डॉ.श्रेया प्रसाद,डॉ.रंजिता कच्छप,लखन मांझी के अलावे दवेंद्र गिरी,सतीश यादव,महेश कुजूर,मंसूर आलम समेत अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे.

## नीचे बगड़ू की जनता जहरीला धुँवा में जीने को विवश

**आनंद कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा डाभर मिक्सर प्लांट से प्रदुषण जहरीला गैस से परेशान है नीचे बगड़ू निवासी**

**उपायुक्त लोहरदगा को ज्ञापन देकर अविलम्ब बंद कराने का किया आग्रह**

**किस्को / लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के नीचे बगड़ू के ग्रामीण गोलबंद होकर फर्जी तरीके आम सभा करा कर संचालित डामर मिक्सर प्लांट घनी आबादी में चलाने से ग्रामीणों को जहरीले गैसा और प्रदुषण से जीना हुआ मुश्किल इस सम्बन्ध में नीचे बगड़ू के ग्रामीण उषा रानी लकड़ा एवं नीचे बगड़ू के ग्रामीणों द्वारा डीसी को ज्ञापन देकर प्रदुषण से मुक्ति और जहरीले गैसा से बचाने की गुहार लगाई है, इस सम्बन्ध में उषा रानी लकड़ा ने कहा की सड़क निर्माण निमित्त आनंद कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार द्वारा फर्जी ग्राम सभा करके ग्रामीणों के आबादी में डामर मिक्सर प्लांट स्थापित कर दिया गया है जिसके गैस से प्रदुषण तो हो रहा है पेड़ पौधे को नुकसान हो रहा है इस सम्बन्ध में डीसी से मिलने ग्रामीण आये थे लेकिन मुलाकात नहीं होने पर ज्ञापन देकर उन्होंने मिडिया को जानकारी दिया` ज्ञापन देने वालों में सोनमटिया कुमारी, राजमुनी उरांव, दुर्गि उरांव, रजनी मिंज, बिरसी देवी, लक्ष्मी पन्ना, सुधा पन्ना, सरिता भगत, बिसुनदेव टाना भगत, सहित दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर है और डीसी कार्यालय पहुँच कर विरोध किया गया` इस सम्बन्ध में डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की इसकी जाँच कर आवश्यक करवाई किया जायेगा` विश्वास्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ है की अंचल अधिकारी किस्को को जाँच प्रतिवेदन देने का कार्य दिया गया था लेकिन उनसे संपर्क नहीं होने पर उनका पक्ष नहीं लिखा जा सका है ।

**उपायुक्त रामगढ़ ने किया निरीक्षण**

## गणतंत्र दिवस को लेकर सिदो कान्हू मैदान में हुआ अंतिम अभ्यास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिदो कान्हू मैदान रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। मौके पर उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे,अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 11:10 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:30 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**सैंकड़ो लोगों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण और दी गयी जरुरी सलाह**

## सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**कुडू - लोहरदगा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में स्वास्थ विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुखिया सुषमा देवी, डॉ सुलामी होरो, अंजुलन आइन्द, प्रेरणा श्रोत, ज्ञानचंद पांडे, आफताब आलम, हरियाली खाखा, डिस्ट्रक्ट डाटा मैनेजर मो जाहिद, डीपीसी कॉर्डिनेटर अल्बर्ट मिंज, बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा, बीएएम लाल निरोज शाहदेव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो ने कहा कि इस मेले का प्रमुख उद्देश्य लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से इस मेले से लाभ उठाने की अपील की। मेले में सैंकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों को जरुरी सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य मेले में दंत जांच, बीपी, सुगर, आईईसी, नशामुक्ति जागरूकता, पोषण परामर्श, ओआरएस- पेयजल, योग, आयुष्मान कार्ड, युवा मैत्री केंद्र, परिवार नियोजन, आयुष कार्यक्रम, बाल चिकित्सा, एचआईवी - एड्स, एसीडी, कैंसर स्क्रीनिंग, मलेरिया, कुष्ठ, नेत्र जांच, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ कार्ड, मातृत्व स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ, शिशु टीकाकरण, कुष्ठ, द्विव्यांगता आदि जांच के लिए कई स्टॉल लगाया गया था। जिसका अतिथियों ने बारी बारी से निरीक्षण कर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेते हुए कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश दिया। इन की रही उपस्थिति। सीएचओ तौसीफ अंसारी, आरती कुमारी, रेखा कुमारी, जगरानी, सविता, स्वेता कुजूर, जूही कुमारी, मेनका सुब्हानी तिर्की, शिफा लकड़ा, एमपीडब्ल्यू नितिन गुप्ता, शादाब अंसारी, एलटी मनीता कुमारी, सुदिन कुमार, एमएसडब्ल्यू निखिल तिर्की, पीएमडब्ल्यू उजियाली मिंज, बिटीटी विशाल महतो, एएनएम उजियाली तिर्की, रौशनी टोप्पो, नीलमणि कुशुम, हिना परवीन, नेहा तरन्नुम, रीना सुनीता बारला, अताउल्लाह रिंकु, मो इमरान, विनोद राम, उसुर्ला कुमारी, रौशन टोप्पो, राजेश भारती सहित भारी संख्या में जांच कराने पहुंचे प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आये हुए ग्रामीण और स्कुली बच्चे उपस्थित थे।

## एमएड की छात्रा दीपिका शर्मा ने पाया रांची यूनिवर्सिटी में पहला रैंक,गोल्ड मेडलिस्ट होने से मिली बधाई, अन्य तीन छात्राओं ने बनाया टॉप टेन में अपनी जगह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा-** लोहरदगा के उर्सलाइन महिला शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्रा दीपिका शर्मा ने एक बार फिर लोहरदगा जिला का नाम रौशन किया है। दीपिका शर्मा ने एमएड सत्र 2021-23 में सबसे अधिक अंक पाकर पहला रैंक हासिल किया है।? चार बहनों में तीसरा स्थान रखने वाली दीपिका शर्मा इसी कॉलेज से बीएड में भी गोल्ड मैडल हासिल किया था। दीपिका शर्मा का कहना है कि निरंतर प्रयास और लगन की वजह से ये मुकाम उसे हासिल हुआ है। दसवीं की परीक्षा तक कई बार फेल होने वाली दीपिका शर्मा का कहना है कि इसने खुद को मजबूत किया और फिर अपना पुरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर दिया। बिना किसी ट्यूशन का सहारा लिए खुद इंटरनेट के माध्यम से अपनी पढ़ाई करते हुए आज अपनी जगह गोल्ड मेडलिस्ट में शामिल कर लिया। पारिवारिक स्थिति मजबूत नहीं होने पर एक निजी स्कूल की शिक्षिका के रूप में काम करते यह मुकाम इसने हासिल किया है। दीपिका शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के अलावे कॉलेज के प्रचार्या,शिक्षक शिक्षिका, डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, हिंडाल्को अध्यक्ष बीके झा सहित अपने शुभचिंतकों को दिया है। मार्च में होने वाले कन्वोकेशन में दीपिका शर्मा को रांची यूनिवर्सिटी के द्वारा गोल्ड मैडल दिया जाएगा। दीपिका शर्मा ने गणित विषय में यह सफलता हासिल की है। दीपिका शर्मा ने मैट्रिक उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विधालय लोहरदगा से किया जहां मैट्रिक में 85.8 प्रतिशत, उर्सलाइन इंटर कॉलेज रांची से आईएससी में 69.6 प्रतिशत, बीएससी गणित रांची महिला कॉलेज रांची से जिसमें 78.88 प्रतिशत प्राप्त किया। इसके अलावा महिला शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय लोहरदगा से बीएड में 87.07 प्रतिशत पाकर टॉपर होते हुए राज्यपाल से गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। इसके अलावा एमएड इसी कॉलेज से करते हुए 88.21 प्रतिशत प्राप्त कर पहला रैंक प्राप्त किया। वर्तमान समय में दीपिका शर्मा गणित में एमएससी डोरंडा कॉलेज डोरंडा से कर रही है। इसके अलावे लोहरदगा उर्सलाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय की तीन अन्य छात्राओं ने अपना स्थान टॉप टेन में बनाया है। रांची यूनिवर्सिटी के सत्र 2021-23 में इस छात्राओं ने बाजी मारी है। जिसमें दीपिका शर्मा को पहला रैंक, प्रीति नीलम कोया को 6 स्थान, दीपा तिर्की को 9वां ज्योति कुमारी 10वां रैंक प्राप्त किया हैं। टॉपर के सहित तीन छात्राएं वर्तमान समय में लिवेंस अकाडेमी में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। इन छात्राओं का कहना है कि निरंतर प्रयास और स्वध्याय से यह सफलता उन्हें मिली है। प्राचार्या लोहरदगा एमएड कॉलेज की सिस्टर शीला ने कहा कि बेहतर माहौल में छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। इन्हें बेहतर शिक्षिका बनाने के हर कदम पर गाइडलाइन दिया जाता है। कॉलेज में शिक्षित और अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा इन्हें पढ़ाया लिखाया और काबिल बनाया जाता है। निरंतर उर्सलाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय लोहरदगा शिक्षण के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। जिला की चार छात्राओं की इस सफलता पर सांसद सुखदेव भगत, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,लिवेंस एकादमी के डायरेक्टर फादर्स थॉमस पॉथिल , बीएड उप प्राचार्या मरिया रानी, रिसर्च गाइड टीचर प्रो डॉ राहुल पांडेय , शिक्षिका फरहत प्रवीण, प्रियंका, पुनम शर्मा, शबनम जय आनंद, का लारा सहित जिलेवासियों ने बेहतर भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## पीवीयूएनएल द्वारा सीएसआर पहल के तहत रामगढ़ पुलिस को 10 टीवीएस अपाचे आरटीआर बाइक प्रदत्त

**पतरातू।** शुक्रवार को पीवीयूएनएल द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत रामगढ़ पुलिस को 10 टीवीएस अपाचे आरटीआर बाइक सभी गश्ती आवश्यक उपकरणों के साथ प्रदान की गईं। पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आर.के. सिंह ने इन बाइकों को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय कुमार को औपचारिक रूप से सौंपा। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। सीईओ आर.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पीवीयूएनएल समाज और समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस तरह की पहल के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। यह योगदान पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रयास ने समाज के साथ पीवीयूएनएल की गहरी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रमाणित किया है।

## आई पी एस ट्रेनी सुरेश बोरकर ने डी ए वी स्कूल के बच्चों को दिया सफलता के गुरु मंत्र

**पतरातू।** डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु के सीनियर छात्र छात्राओं को आई पी एस ट्रेनी सुरेश बोरकर ने सफलता के गुरु मंत्र दिए। स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चों का चहुमुखी विकास हो इसके लिए इस तरह के विद्वान और सफल लोगों का मार्गदर्शन बीच बीच में जरूरी है। जिसकी व्यवस्था स्कूल प्रबंधन सुचारू रूप से करवाती रहती है ' सुरेश बोरकर को इस बार आई पी एस कैडर मिला है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जे ईई, आई आई टी, नीट के अलावा भी बच्चों के भविष्य में बहुत सारे ऑप्शन खुले हुए है। स्कूली बच्चों ने उनसे करियर और पढ़ाई से संबंधित बहुत सारे प्रश्न किए जिनका उन्होंने संतोष जनक उत्तर देकर बच्चों की जिज्ञासा को शांत किया। बताते चले कि सुरेश बोरकर के बड़े भाई पी वी यू एन एल में सीनियर इंजीनियर के रूप में कार्यरत है ।

## डी ए वी स्कूल पतरातु की छात्रा साक्षी बाला ने लिखी 2 पुस्तके

**पतरातु ।** डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु की 11इँ कॉमर्स की छात्रा साक्षी बाला ने दो पुसके लिखी जिनका नाम है द लीजेंड ऑफ अध्या और लिटिल हार्ट्स बिग ड्रीम। जिन्हें ब्री बुक्स पब्लिकेशन द्वारा पब्लिश किया गया है। ये दोनों किताबें बच्चों के साथ बड़े लोगों के लिए समान रूप से फायदेमंद है। इस बात की खुशी स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा सहित पूरे विद्यालय परिवार को है । बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा समय समय पर खेल कूद, क्विज, साइंस एग्जीविशन, कविता लेखन, कहानी लेखन ,लेख की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती है। इन दोनों किताबों की लेखिका साक्षी बाला ने बताया कि मेरे इन पुस्तकों को लिखने में में शिक्षकों ने मेरा मार्गदर्शन किया। मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद को स्कूल के शिक्षा के सही मार्गदर्शन के अलाव मेरे मित्रों के सहयोग था अपनी कड़ी मेहनत को देती हूं। मैं नए बच्चों से कहना चाहती हूं कि सफलता का कोई शॉट कट नहीं होता। सच्ची लगन और कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है ।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अन्तर्गत 10 Years Celebration" कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट का वितरण किया गया। साथ हीं इस दिवस के अवसर पर केक काटकर एवं सभी माताओं को केक खिलाकर बालिका जन्म पर खुशी व्यक्त किया गया। सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं परिसर में ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना का लोगो एवं बैज लगाकर आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, जिला बाल संरक्षण कार्यालय के कर्मी आशा, पुष्पा, सोबन, दीपक, मुकेश, महिला पर्यवेक्षिका नसीमा खातुन व कौशल्या, एएनएम एवं नवजात बच्चियों की माताऐं उपस्थित रहीं।

## बिमरला में राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित

**लोहरदगाः** आज दिनांक 24 जनवरी 2025 को मिनरल्स एंड मिनरल्स लि. द्वारा संचालित खनन क्षेत्र बिमरला में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। ज्ञातव्य हो कि सीएसआर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इस वर्ष 2025 की थीम 'बेहतर भविष्य के लिए लड़कियों को प्रेरित करना' है। मौके पर डॉ. जाहिन खान, भूगर्भशास्त्री प्रत्युष राउत, खान अभियंता प्रज्वल साहू, शिक्षिका प्रतिमा असुर ने भी अपने अपने विचार प्रकट कर बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा को जरूरी बताया। साथ ही सभी ने बेटियों को हर क्षेत्र में आगे लाने की प्रेरणा दी। इस बात पर जोर दिया गया कि लड़कियों को सशक्त बनाने और उन्हें उचित अवसर दिए जाने की जरूरत है। राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर लड़की को सशक्त, आत्मनिर्भर और निपुण महिला बनने के समान अवसर मिलें।

## बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मे डीसी व एसपी की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल किया गया

**लोहरदगा।** लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस 2025 के मुख्य कार्यक्रम के लिए परेड का फाइनल रिहर्सल शानदार तरीके से संपन्न हुआ। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन बीएस कॉलेज स्टेडियम में किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि होंगी। वे सुबह 8:30 बजे झंडोत्तोलन करेंगी। उनके सैल्यूटिंग बेस पर आगमन का समय सुबह 8:15 बजे निर्धारित है। समारोह में विभिन्न झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होंगे। इसके उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। लोहरदगा जिले के लोग इस भव्य आयोजन के लिए उत्सुक हैं और कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गणतंत्र दिवस का यह आयोजन न केवल देशभक्ति की भावना को प्रकट करेगा, बल्कि सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए एक यादगार क्षण भी होगा।

## हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) के 100वें उर्स मुबारक के मौके पर किरअत एवं नातिया का हुआ इनामी मुकाबला

**लोहरदगाः** हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) के 100वें उर्स मुबारक के मौके पर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के जेरे निगरानी में केरत एवं नातिया का इनामी मुकाबला का आयोजन जमा मस्जिद कमिटी के तत्वावधान में किया गया। जबकि नातिया कलाम में पहला स्थान मो. अफरोज आलम मदरसा जामिया कादिरया, दूसरा स्थान अनवारे सैयदना लातेहार, तीसरा स्थान मो. सैफ रजा मदरसा मिस्बाहुल उलूम किस्को और मो. अबरार रजा मदरसा दारूल उलूम मरकजुल हिदाया गौस नगर कुटमू लोहरदगा को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि नातिया मुकाबले के जजों में मौलाना सद्दाम हुसैन और मौलाना असजद मिस्बाही शामिल थे। इनामी मुकाबला प्रोग्राम को कामयाब बनाने में अंजुमन इस्लामियां के सदर अब्दुल रउफ अन्सारी, सिक्रेट्री सैयद शाहिद अह?मद (बेलू), नायब सदर सैयद आरीफ हुसैन बबलू, सहसचिव अनवर अन्सारी, अल्ताफ कुरैशी, सेराज अन्सारी, यासिन कुरैशी, अबुल कलाम तैगी, असगर तैगी, मो. शगीर, मो. लुकमान, मो. असगर, हाफिज शफिक, सरवर खान, मौलाना इजहार, मौलाना जहांगीर, हाफिज मकबूल, हाफिज युसुफ, मौलाना गुलाम रब्बानी, कारी शाहिद फिदाई समेत बड़ी संख्या में असातेजा व तालबा मौजूद थे।

# कांग्रेस ने भारत में पूर्ण लोकतंत्र कभी लागू नहीं होने दिया: अर्जुन मुंडा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




रांची। भाजपा रांची महानगर के तत्वावधान में शुक्रवार को संविधान गौरव अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन हुआ. बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने अभियान के उद्देश्यों एवं कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला. कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश में फुल डेमोक्रेसी कभी लागू नहीं होने दिया. हमारा संविधान केवल शब्दों,धाराओं और अनुच्छेदों का संग्रह नहीं बल्कि एक धर्म ग्रंथ है जिसपर सभी भारत वासियों को गर्व है. कहा कि जनसंघ और भाजपा की स्थापना ही देश में संविधान को लागू करने केलिए हुआ. एक विधान ,एक निशान के नारों के साथ हमारे प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हुआ. राहुल गांधी विगत लोकसभा चुनाव के समय से संविधान की पुस्तक लेकर घूम रहे. उन्हें पता चल गया है कि भाजपा संविधान की धाराओं को उसकी मूल भावनाओं को तेजी से धरातल पर उतार रही. कांग्रेस के मंसूबों को उजागर कर रही इससे कांग्रेस का सफाया तय है.

**कांग्रेस पार्टी को गैर कांग्रेसी सरकारों से चिढ़**

कांग्रेस पार्टी को गैर कांग्रेसी सरकारों से चिढ़ है. आज वे देश की सत्ता से ,विभिन्न राज्यों से हार रहे फिर भी वे 1952 वाला अधिकार चाहते हैं. डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच को ही 2019 में दुबारा सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर जमीन पर उतरा. कांग्रेस पार्टी को संविधान के लागू होने संबंधी एक नोटिफिकेशन करने में तीन दशक लग गए थे. कहा कि जनता को 6 बार कांग्रेस की सरकार चुननी पड़ी. कांग्रेस पार्टी को दलित आदिवासी की चिंता नहीं अपने अस्तित्व की चिंता है. कांग्रेस पार्टी दलितों, आदिवासियों को सिर्फ हथियार बनाकर रखना चाहती है. संविधान की बात करने वालों ने शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एक महिला को उसके हक से वंचित किया. आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास किया.

**नेहरू के विचारों से जयपाल सिंह मुंडा की असहमति रहती थी**

पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों से जयपाल सिंह मुंडा जी की असहमति रहती थी जबकि वे डॉ अंबेडकर के विचारों से पूरी तरह सहमत होते थे. बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को पूरे देश की चिंता थी. उन्हें पता था कि एक वर्ग के पिछड़ने से पूरा देश पिछड़ता है. इसीलिए उन्होंने ने संविधान में प्रावधान किए. लेकिन कांग्रेस पार्टी को सभी वर्गों की चिंता नहीं. उसे केवल अपनी सरकार की चिंता हुई. आज नरेंद्र मोदी की सरकार में आदिवासी, दलित पिछड़े विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे.जहां मोदी सरकार में भव्य मंदिर आकर ले रहा रामलला विराजमान हुए.

**कांग्रेस ने प्रस्तावना को छिन्न-भिन्न कर दिया: गुरुप्रकाश**

राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान ने कहा कि कांग्रेस आज अंबेडकर के विरासत की दावेदारी कर रही जिसने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को जिंदा में भी परेशान किया, अपमानित किया और मरणोपरांत भी अपमानित किया. भारत का संविधान 144 करोड़ देशवासियों की श्रद्धा है जिसे कांग्रेस ने लगातार अपमानित किया. प्रस्तावना को छिन्नभिन्न कर दिया. कहा कि जब तक भाजपा है आरक्षण को समाप्त करने की हिम्मत किसी में नहीं है. कांग्रेस से भाजपा को सर्टिफिकेट नहीं चाहिए. जनता सर्टिफिकेट दे रही. आज हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो रहा. आज भाजपा सरकार दलित आदिवासी पिछड़े के विकास को समर्पित हैं. कई राज्यों में भाजपा ने आदिवासी दलित पिछड़े समाज को मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री बनाया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वरुण साहू ने की.

**ये रहे मौजूद**

विधायक नवीन जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राकेश भास्कर,विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक समरी लाल, जिला महामंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजू सिंह अनीता वर्मा, विनय सिंह, सुरेश प्रसाद, बाल्साय महतो, रवि मुंडा, अश्विनी शिकुजा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, रामचन्द्र केसरी, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, केके गुप्ता, रमेश सिंह, बसंत दास, संजय जायसवाल, कमाल खान, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, अरविंद सिंह, रामलगण राम, उपेन्द्र रजक, नीरज पासवान, दीपक रवि, राजू रजक, गोविन्द बाल्मीकि, प्रदीप रवि, राकेश राम, राकेश रवि, अंजय शाहदेव, राजश्री जयंती, ऊषा पांडेय, माया सिंह सिसोदिया, निशि जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सुबह सैर पर निकले मुखिया को मारी गोली, एक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार



**नामकुम.** सुबह की सैर पर निकले हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को अपराधियों ने चरना बेड़ा लिप्टस बागान के समीप गुरुवार को गोली मार दी. हालांकि, गोली उनकी दायीं गाल में लग कर निकल गयी. परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गये, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा और मुखिया की साइकिल बरामद की. वहीं, इस मामले में देर शाम एक आरोपी शनिचरवा कच्छप को गिरफ्तार किया गया है. जबकि, उसका भांजा निमेश कच्छप फरार है. पूछताछ में शनिचरवा कच्छप ने पुलिस को बताया है कि निमेश ने ही नन्हे पर गोली चलायी थी.

**जमीन विवाद में एकतरफा फैसला देने के कारण हाहाप पंचायत के मुखिया से नाराज थे मामा-भांजा**

पुलिस के अनुसार, शनिचरवा और उसके छोटे भाई दुकमा कच्छप में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसमें मुखिया नन्हे कच्छप ने दुकमा कच्छप के पक्ष में फैसला दिया था. उस जमीन पर दुकमा ने घेराबंदी के लिए गड्ढा भी खुदवा दिया था. शनिचरवा इससे नाराज था. इधर, गुरुवार सुबह 6:00 बजे नन्हे कच्छप घर से साइकिल लेकर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. घर से करीब एक किमी दूर घात लगाये शनिचरवा और उसके भांजे निमेश ने नन्हे पर फायरिंग कर दी और फरार हो गये. इसके बाद साइकिल छोड़कर मुखिया भागते हुए मेन रोड पर पहुंचे और अपने परिचितों को घटना की जानकारी दी. मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल मुखिया को अस्पताल पहुंचाया. इधर, घटना की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की. वहीं, कुछ देर बाद ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया. फोरेंसिक टीम ने खून का सैंपल जांच के लिए एकत्र किया. पुलिस शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की. इसमें शनिचरवा का नाम आने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार, निमेश पूर्व में मुर्गा व्यवसायी चटकपुर निवासी करमदेव महतो की हत्या मामले में जेल जा चुका है.

## ABVP ने की वोकेशनल विषयों के रिजल्ट जारी करने की मांग




**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) डोरंडा महाविद्यालय इकाई ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया. परिषद ने वोकेशनल विषयों के सेमेस्टर तीन परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर महाविद्यालय के मुख्य गेट पर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान महाविद्यालय अध्यक्ष गोपाल चौहान ने कहा कि वोकेशनल सत्र 2022-2025 के विद्यार्थियों का सत्र समाप्त हो जाना चाहिए था. तीसरे सेमेस्टर की परीक्षार्थी अभी दे रहे हैं. परीक्षा खत्म हो जाने के बाद भी विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम जारी करने में असमर्थ है. विद्यार्थियों के इन मुद्दों को लेकर परिषद का मंत्रिमंडल परीक्षा नियंत्रक से मिला था. लेकिन कई दिनों बीत जाने के बाद भी अभी तक परीक्षा परिणाम घोषित नही किया गया है. कॉलेज उपाध्यक्ष शिवम लोहरा ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है. लगभग सभी विषयों में सत्र विलंब से चल रहे हैं.

## पांच सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 1545 बच्चों का होगा नामांकन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची.** सीबीएसइ बोर्ड की तर्ज पर रांची जिले में पांच मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) का संचालन किया जा रहा है. इन स्कूलों में वर्ष 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी आम सूचना के तहत इच्छुक छात्र-छात्राएं 10 फरवरी तक आवेदन जमा कर सकते हैं. राज्य में कुल 80 उत्कृष्ट विद्यालय हैं. इन विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन लिया जाता है.

**किस स्कूल में कितनी सीटें रिक्त**

जारी आम सूचना के तहत अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्कूल में 475, सीएम एक्सीलेंस गर्ल्स स्कूल बरियातू में 442, टीवीएस जगन्नाथपुर में 408, मॉडल स्कूल कांके में 120 व केजीबीभी नामकुम में 100 सीटें रिक्त हैं.

**10 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन**

नामांकन के इच्छुक छात्र-छात्राएं 10 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं. इसके बाद आवेदन नहीं लिया जायेगा. कक्षा छह, सात व नौ में नामांकन के लिए जिला स्तर पर लिखित परीक्षा ली जायेगी. परीक्षाफल के आधार पर बच्चों का चयन किया जायेगा. कक्षा 11वीं में नामांकन 10वीं बोर्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा.

**आठवीं व नौवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर निर्देश जारी**

रांची. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने कक्षा आठवीं व नौवीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर निर्देश जारी किया है. जिलों को भेजे गये पत्र में परीक्षा सामग्री रखने को लेकर निर्देश दिया गया है. कक्षा आठवीं की परीक्षा 28 जनवरी व नौवीं की परीक्षा 29 व 30 जनवरी को प्रस्तावित है. उल्लेखनीय है कि कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं दिया गया है. परीक्षा को लेकर जैक सरकार के निर्देश का इंतजार कर रहा है. जैक में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पद रिक्त है. इस कारण परीक्षा को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है.

## किशोरी महाकुंभ में शामिल हुए राज्यपाल, कहा- बेटियां समाज का भविष्य



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को ह्यराष्ट्रीय बालिका दिवसह्ण पर बाल कल्याण संघ, द्वारा आड्रे हाउस में आयोजित ह्लकिशोरी महाकुंभह्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. कहा कि यह दिवस हमारे समाज में बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक है. ह्यकिशोरी महाकुंभह्ण बालिकाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण की दिशा में सामूहिक प्रतिबद्धता की दिशा में सार्थक है. बेटियां समाज का भविष्य हैं और उनका सशक्त होना ही देश की प्रगति का मार्ग है. राज्यपाल ने कहा कि समाज से भेदभाव और असमानता पर समाप्त करना सभी का दायित्व है. राज्यपाल ने झारखंड की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए बाल कल्याण संघ द्वारा संचालित पुनर्वास योजनाओं की सराहना की. उन्होंने मानव तस्करी को समाप्त करने और बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बाल कल्याण संघ द्वारा विगत कई वर्षों से किए जा रहे प्रयास हेतु बधाई दी.

**बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर**

राज्यपाल ने ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है. उन्होंने झारखंड की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने, उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने पर जोर दिया. कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम बेटियों के लिए ऐसा माहौल तैयार करें, जिसमें वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें. बाल कल्याण संघ, झारखंड और इस अभियान से जुड़े सभी सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी और समाज के सभी वर्गों से बेटियों के सशक्तिकरण और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया.

## लॉ अफसर की जगह अपर प्रशासक जांच रहे कागजात, हाइकोर्ट सख्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची.** झारखंड हाइकोर्ट ने आरआरडीए व रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृति में विलंब और वसूली के मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई की. चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान पक्ष सुनने के बाद नक्शा सॉफ्टवेयर बीपीएएमएस के तीसरे स्टेज में बदलाव करने पर नाराजगी जतायी. खंडपीठ ने पूछा कि तीसरे स्टेज में लीगल अफसर द्वारा कागजात की जांच कर अधिकतम सात दिनों के अंदर रिपोर्ट अग्रसारित की जाती थी, उस प्रक्रिया में बदलाव करते हुए अपर प्रशासक को कागजात जांच का जिम्मा क्यों दिया गया? तीसरे स्टेज की निर्धारित प्रक्रिया क्यों बदली गयी? खंडपीठ ने रांची नगर निगम के प्रशासक को तत्काल सुधार कर जानकारी देने का निर्देश दिया. खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यदि सुधार नहीं किया जाता है, तो सख्त आदेश पारित किया जा सकता है. मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को होगी.

**रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कहा कि निगम में कोई लॉ अफसर नहीं**

इससे पूर्व मामले की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कहा कि नगर निगम में कोई लॉ अफसर नहीं है. राज्य सरकार का नगर विकास विभाग ही नियुक्ति कर सकता है. निगम के अपर प्रशासक को राजस्व संबंधी मामलों का पूरा अनुभव है, जो सही तरीके से काम कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि रांची नगर निगम में नक्शा पास करने में विलंब व अवैध वसूली संबंधी खबर को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया था. उस पर स्वतः संज्ञान लेकर कोर्ट सुनवाई कर रही है. पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि रांची नगर निगम के अधिवक्ता निर्देश प्राप्त करेंगे कि पांच दिसंबर 2024 की कार्यवाही क्यों जारी की गयी, जिसमें रांची नगर निगम के दो अतिरिक्त नगर आयुक्तों को कानूनी अधिकारी (लॉ अफसर) के रूप में कार्य करने का अधिकार दिया गया है.झारखंड हाइकोर्ट ने आरआरडीए व रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृति मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई की. खंडपीठ ने नक्शा सॉफ्टवेयर बीपीएएमएस में बदलाव पर नाराजगी जतायी.

## अब्दुल रज्जाक अंसारी बुनकरों के मसीहा थे: गुलाम अहमद मीर

**रांची।** कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को पूर्व मंत्री हाजी अब्दुल रज्जाक अंसारी की 108वीं जयंती मनाई गई. इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोशन लाल भाटिया ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर शामिल थे. उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हाजी अब्दुल रज्जाक अंसारी बुनकरों के मसीहा थे. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक क्षेत्र में काफी कार्य किये और बुनकरों के हालात सुधारने के लिए पावर लूम की स्थापना की. मीर ने कहा कि रज्जाक जीवन पर्यंत अंसारी मोमिन बिरादरी के उत्थान के लिए काम किया. आज इरबा मेडिकल हब के रूप में जाना जाता है. मौके पर मंजूर अहमद अंसारी ने बुनकरों के उत्थान के लिए सरकारी सहायता की मांग की. इस पर गुलाम अहमद मीर ने सकारात्मक जवाब दिया.

**कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाई गई**

मौके पर प्रखर समाजवादी नेता और एकाकृत बिहार के मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती भी मनाई गई. संचालन कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने किया. मौके पर सईद अंसारी, अनवार अहमद अंसारी, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, विधायक राजेश कश्यप, विधायक सुरेश बैठा, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजीव रंजन, अख्तर अंसारी, शशि भूषण राय, जगदीश साहू, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, मंजर मुजीबी, फिरोज अंसारी, नूर मोहम्मद, वारिस कुरैशी, गुंजन सिंह, रमा खलखो आदि मौजूद थे.

## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 31 को, राज्य भर से जुटेंगे आदिवासी समुदाय



**रांची।** राज्य का सबसे बड़ा जतरा महोत्सव मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी से शुरू हो रहा है. यह महोत्सव एक फरवरी तक चलेगा. दो दिवसीय जतरा महोत्सव में राज्य के 32 जनजातीय समुदाय के खोड़हा शामिल होंगे. इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है. महासचिव नीलम बिरूली ने बताया कि सैकड़ों खोड़हा इस जतरा महोत्सव में शामिल होंगे. सभी जनजातीय समुदाय अपने खोड़हा के साथ आयेंगे. जतरा के माध्यम से लोगों को आदिवासी समाज को एकसूत्र में बांधने का प्रयास है, ताकि लोग एक मंच पर एक दूसरे की परंपरा को समझ और जान सकें.

**जतरा महोत्सव जनजातीय समुदायों की पहचान है: नीलम**

नीलम ने कहा कि यह महोत्सव आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और आपसी प्रेम का का अनुठा संगम होगा. ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम समेत अन्य राज्यों से भी खोड़हा जतरा में शामिल होंगे. राज्य के बाहर की संस्कृति भी इस जतरा में दिखने को मिलेगी. इसके साथ ही विभिन्न आदिवासी संगठन एक मंच पर दिखेगा. यहां से राज्य की कला संस्कृति, परंपरा को जोडने का प्रयास होगा. एक दूसरे से मिल सकेंगे. राष्ट्रीय जतरा महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को सहेजने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है. यह जनजातीय समुदायों की पहचान है. उनकी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करता है.

# जेपीएससी-1 में अफसर बने 64 में से 49 पीटी पास करने के योग्य नहीं थे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची.** जेपीएससी-1 के सहारे अफसर बने 64 में से 49 परीक्षार्थियों को नियमानुसार प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) पास नहीं करना चाहिए था. सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश ने जेपीएससी-1 को लेकर दायर आरोप पत्र और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद अभियुक्तों के खिलाफ संज्ञान लेने से संबंधित आदेश में इस तथ्य का उल्लेख किया है. न्यायाधीश ने सीबीआइ के उस अनुरोध को भी ठुकरा दिया, जिसमें सीबीआइ ने कुछ के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने और कुछ को उचित समझने पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी. इससे सीबीआइ द्वारा आरोपित तत्कालीन परीक्षार्थियों की संख्या 20 से बढ़ कर 55 हो गयी है.

**सीबीआइ ने कुल 37 लोगों के खिलाफ दायर किया था आरोप पत्र**

सीबीआइ ने जेपीएससी-1 की जांच के बाद कुल 37 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था. इसमें 20 तत्कालीन परीक्षार्थी, 12 परीक्षक और जेपीएससी के पांच पदाधिकारी शामिल थे. सीबीआइ से पहले निगरानी मामले की जांच कर रही थी. सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश ने सीबीआइ के आरोप पत्र के बाद मामले में संज्ञान लेने के लिए जांच रिपोर्ट की समीक्षा की और संज्ञान लिया, ताकि ट्रायल शुरू हो सके. विशेष न्यायाधीश ने आदेश में लिखा कि दस्तावेज जांच के दौरान चौंकानेवाला तथ्य यह पाया गया कि परीक्षा में सफल होकर अफसर बने 64 में से 49 को तो जेपीएससी के नियमानुसार पीटी पास नहीं करना चाहिए था. न्यायाधीश ने इनके नामों का भी उल्लेख किया है. इसमें राजमहेश्वर राम, सीमा सिंह, हरिवंश पंडित, अरविंद लाल, शालिनी विजय, विजय वर्मा, जियाउल अंसारी सहित अन्य के नाम शामिल हैं. जिन्हें पीटी में पास नहीं करना चाहिए था, उनमें से फिलहाल 47 कार्यरत हैं. मेघना रूबी कच्छप की मृत्यु हो चुकी है, जबकि नीलम अग्रवाल सेवा छोड़ चुकी हैं.

**20 तत्कालीन परीक्षार्थी, 12 परीक्षक और जेपीएससी के पांच पदाधिकारियों को बनाया था आरोपी**

सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश ने अफसर बन चुके जिन परीक्षार्थियों के खिलाफ संज्ञान लिया है, उसमें से सिर्फ 20 के खिलाफ सीबीआइ ने आरोप पत्र दायर किया था. सीबीआइ ने अपनी रिपोर्ट में परीक्षार्थियों को तीन श्रेणियों में बांटते हुए अपनी अनुशंसा की थी. पहली श्रेणी में उन 20 परीक्षार्थियों को शामिल किया था, जिनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था. दूसरी श्रेणी में ऐसे परीक्षार्थियों को शामिल किया था, जिनके खिलाफ मिले सबूतों को सीबीआइ ठोस नहीं मानती थी और यह लिखा था कि यदि उचित समझें तो कार्रवाई करें. इस श्रेणी में हरिवंश पंडित, ज्योति कुमार सिंह, संजय पांडेय सहित अन्य के नाम शामिल किया थे. सीबीआइ ने तीसरी श्रेणी शामिल किये गये परीक्षार्थियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की अनुशंसा की थी. इस श्रेणी में अनवर हुसैन, भागीरथी प्रसाद, धीरेंद्र कुमार सहित अन्य के नाम को शामिल किया था. हालांकि, न्यायालय ने इनके खिलाफ भी संज्ञान लिया है और ट्रायल का सामना करने के लिए समन जारी करने का आदेश दिया है.

**अफसर बन चुके 55 परीक्षार्थियों के खिलाफ ट्रायल के लिए अदालत ने लिया संज्ञान**

न्यायाधीश ने कॉपियों में नंबर बढ़ा कर अनुचित लाभ देने की चर्चा करते हुए लिखा है कि इसमें से बहुतों को जांच अधिकारी ने आरोपित नहीं किया है. न्यायालय ने राकेश कुमार के दो नंबर बढ़ाये जाने और प्रणव कुमार पाल के तीन नंबर बढ़ाये जाने को नगण्य मानते हुए उनके खिलाफ संज्ञान नहीं लिया है. हालांकि, अफसर बन चुके 55 परीक्षार्थियों के खिलाफ ट्रायल चलाने के लिए संज्ञान लिया है. इसमें 47 ऐसे हैं, जिनके मामले में न्यायालय ने लिखा है कि उन्हें पीटी पास नहीं करना चाहिए था. आठ ऐसे हैं जिनके नंबर बढ़ाये गये हैं.

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर साहिबगंज में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।** जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दहला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति साहिबगंज और चाइल्ड हेल्पलाइन साहिबगंज के संयुक्त प्रयासों से किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, उनके विकास और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक और अन्य संबंधित कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बालिकाओं के अधिकार और उनके विकास के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के हितों की रक्षा करना समाज और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं और कानूनों की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य बालिकाओं के विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक ने बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके जरिए बच्चों को सुरक्षा और सहायता प्रदान की जाती है।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने समाज में बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करने और समानता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सशक्त बनाने से ही समाज प्रगति कर सकता है।इस दौरान छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए नाटक और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, लैंगिक समानता, बालिकाओं की शिक्षा और उनके स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

## इंग्लिश में क्रिकेट देखने गए युवक की बाइक चोरी थाना में शिकायत दर्ज



**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश से गुरुवार को सड़क किनारे से एक बाइक की चोरी हो गई। घटना को लेकर गोहलबाड़ी गांव के रबीउल शेख ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में रबीउल शेख ने बताया है कि गुरुवार को समय 3 बजे वे अपनी लाल रंग के स्प्लेंडर प्लस जेएच 18 एल 4647 पर सवार होकर इंग्लिश में क्रिकेट देखने गया था। उन्होंने बताया कि वे अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ाकर क्रिकेट मैच देख रहा था। इसी दौरान मैच समाप्त होने के बाद वे अपनी बाइक के पास पहुंचा तो बाइक वहां से गायब मिला। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कहीं कुछ अता पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि बाइक चोरी की घटना एक दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज पर कैद हो चुकी है। हालाकी स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फुटेज पर कैद चोर की पहचान कर रही है। पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या




**साहिबगंज(उजाला)।**समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित एवं असंबंधित रहे।जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एवं समाधान पत्रकारिता पर एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।**सिविल सर्जन के सभागार में पीरामल फाउंडेशन ने पत्रकारों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए।कार्यशाला का उद्देश्य, फाइलेरिया उन्मूलन के अंतर्गत आगामी फरवरी माह में टऊअ राउंड पर चर्चा और सकारात्मक बदलाव की दिशा में ब्लू नींव पहल के अंतर्गत पत्रकारिता में आने वाली चुनौतियों, उनके समाधान, और सकारात्मक पत्रकारिता पर चर्चा करना था।पिरामल फाउंडेशन के निदेशक संजय सुमन ने बताया कि पत्रकारिता में लगातार बदलाव हो रहे हैं और इस बदलाव को समझने और पत्रकारों को बेहतर बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन देशभर में सर्वेक्षण कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाठक अब प्रेरणादायक और सकारात्मक खबरें देखना चाहते हैं। अगर पत्रकार इस दृष्टिकोण से समाचार प्रस्तुत करें, तो वे अधिक प्रभावी बन सकते हैं।कार्यशाला में उपस्थित पत्रकारों ने सहमति जताई कि नकारात्मक खबरों की भरमार के बीच पाठक अब सकारात्मक कहानियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ब्लू निब पहल की सराहना की व अपने पत्रकारिता की यात्रा, चुनौतियों व अवसरो कों साझा किया।पीरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड ईमोन दास और प्रोग्राम लीड,अजय केशरी, रजिया उमर तथा गांधी फेलो कोमल गुप्ता ने फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और नीति आयोग के सूचकांकों पर आधारित प्रखंड व जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों का संक्षेप में वर्णन किया।पत्रकारों ने फाउंडेशन की सोच की सराहना करते हुए इसे पत्रकारिता में सकारात्मक बदलाव लाने का एक कदम बताया।इस कार्यशाला में वेक्टर बोर्न डिजीज के जिला सलाहकार प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि एवं पीरामल फाउंडेशन टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माहझ्र 2025 के उपलक्ष्य में साहिबगंज केंद्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाया गया



**साहिबगंज(उजाला)।**सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ्र 2025 का आयोजन किया गया है। साहिबगंज केंद्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह द्वारा 500 से अधिक विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया साथ ही सड़क सुरक्षा का नियम, के साथ यातायात नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट इत्यादि लगाने को कहना एवं नशे तथा मोबाइल का प्रयोग कर वाहन न चलने को कहा गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वारा सभी बच्चों को संदेश दिया गया की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे, अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे। साथी स्कूल बस अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने।इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, केंद्र विद्यालय प्रिंसिपल, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## बिना माइनिंग चालान के ओवरलोड एक हाईवा जब्त,चालक व खलासी को भेजा जेल



**उधवा/साहिबगंज(उजाला)।** राधानगर पुलिस व उधवा बीडीओ सह सीओ ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर मोहनपुर के पास से बिना माइनिंग चालान के ओवरलोड एक हाईवा को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार बीडीओ उधवा जयंत कुमार तिवारी को सूचना प्राप्त हुई थी कि बिना माइनिंग चालान के ओवरलोड एक हाईवा का परिचालन हो रहा है। सूचना के आलोक में बीडीओ उधवा व राधानगर पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर डस्ट लदा बिना माइनिंग चालान के एक हाईवा को रोककर चालक से संबंधित कागजात की मांग की। हालाकी चालक के द्वारा कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नही कर सका। वही हाईवा को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु राधानगर पुलिस को सुपर्द कर दिया गया और चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया गया। मामले को लेकर बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी के बयान पर राधानगर थाना कांड संख्या 25/25 के माइनिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। वही हिरासत में लिए गए अशोक मंडल व सुनील मालतो को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## नगर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।**साहिबगंज में नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह के आदेशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व नगर प्रबंधक बिरेश कुमार ने किया। अभियान पूर्वी रेलवे फाटक से जिरवाबाड़ी पेट्रोल पंप तक एवं आजाद नगर इलाके में चलाया गया।अभियान के तहत 10 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 1751 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पदाधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने की सलाह दी।नगर प्रबंधक बिरेश कुमार ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और इसके उपयोग को पूर्णतः समाप्त करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साहिबगंज नगर प्रशासन के इस कदम को स्थानीय निवासियों का समर्थन मिल रहा है। लोग प्लास्टिक के उपयोग को छोड़कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में बड़ा योगदान मिलेगा।

## दो दिवसीय अंतरप्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज होगा आयोजन

**साहिबगंज(उजाला)।**विक्टोरिया डायमंड जुबली क्लब एंड लाइब्रेरी, राजमहल के तत्वावधान में शनिवार से दो दिवसीय अंतरप्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में क्लब के सचिव प्रदीप कुमार प्रमाणिक ने बताया कि 125 वर्ष पुराने क्लब में भारतीय संविधान के लागू होने के वर्ष के बाद से ही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित होता आ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में यह अंतरप्रांतीय स्तर में तब्दील हो गया है। प्रतियोगिता में ना सिर्फ झारखंड के विभिन्न जिलों बल्कि पड़ोसी प्रांत पश्चिम बंगाल व बिहार के साथ-साथ असम के भी प्रतिभागी हिस्सा लेते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में विभिन्न खंड बनाए गए हैं। बड़े बालक वर्ग को ग्रुप ए व बड़ी बालिका वर्ग को ग्रुप एफ में रखा गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज शनिवार की सुबह क्रास कंट्री दौड़ से होगा, जो राजमहल-तीनपहाड़ मुख्य मार्ग स्थित कोठी बगीचा से प्रारंभ होकर राजमहल रेलवे मैदान तक होगा। इसके अतिरिक्त पहले दिन ग्रुप ए एवं एफ की लंबी कूद, ऊंची कूद, शाट पुट थ्रो, जेवलिन थ्रो की भी प्रतिस्पर्धा रेलवे मैदान में होगी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन गणतंत्र दिवस पर ग्रुप ए से ग्रुप जे के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जिसमें ग्रुप ए के 100,200,400,800,1600 जैसे दौड़ प्रतियोगिता को शामिल किया गया है।

## ग्रामीणों ने जमीन का उचित मुआवजा की मांग को लेकर अंचल अधिकारी को दिया आवेदन



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के रकुवा पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को बैठक कर भारत माला सिक्स लाइन निर्माण का विरोध किया। बताया गया कि लिपिया गाँव के खाता संख्या 25 प्लॉट संख्या 298,297,296,295,294,293,292 जिसका रकबा चालीस एकड़ है। इस भूमि पर भारत माला परियोजना सीक्स लाईन हाइवे रोड़ में अधिग्रहण जमीन का उचित मुआवजा की मांग करते हुए अंचल अधिकारी गोला को एक आवेदन दिया। आवेदन में कहा है कि हम सभी रैयत इस जमीन में सदियों से जोत अबाद करके खेती कर जीविकापार्जन करते आ रहे है। लेकिन आज इस जमीन में भारत माला परियोजना के द्वारा सिक्स लाईन हाइवे रोड बनाया जा रहा है। जिससे हमलोगों का जीविकापार्जन में संकट उत्पन होगा। रैयतों ने जमीन के बदले चार मांग मांगी है। जिसमे जमीन उपलब्ध कराने,रैयतों का वंशगत नौकरी, जमीन का उचित मुआवजा,स्किल के आधार पर रैयतों को काम देने कि मांग किया । मांग पूरा नहीं करने पर कार्यस्थल में सभी ग्रामीण व रैयत विरोध प्रदर्शन करेंगे। आवेदन की प्रतिलिपि भू अर्जन, उपायुक्त रामगढ़,विधायक रामगढ़, सांसद हजारीबाग, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को लिखा को दिया है। पत्र में रतन महतो, राजेश महतो, विशुनलाल महतो, जागेश्वर महतो, मिथलेश महतो, बिनोद मुर्मू, शनिचर गंझू,बिंगल गंझू, निर्मल महतो, सुरेश कुमार महतो, कृष्ण कुमार, मुंशी महतो, कालीचरण महतो, धर्मनाथ महतो,भवानी महतो, आनंद मांझी, मुनु मांझी, महेश मांझी,धनीराम महतो,सूरज महतो, संजय भोगता,गोपाल महतो एवं सैकड़ो रैयतों का हस्ताक्षर है।

## जिप सदस्य द्वारा मरीजों एव जरूरत मंद के बीच कंबल वितरण किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत जरूरत मंद मरीजों और धात्री महिलाओं तथा गर्भवती महिलाओं के बीच जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा अपने निजी खर्च से कंबल का वितरण किया गया.वही जिप सदस्य ने कहा कि जरूरत मंद की सेवा करना सभी का धर्म है.जरूरत मंद व मरीजों का सेवा करें और पुण्य का भागी बनें गरीबों का सेवा करने से मन में असीम शांति मिलती है. उन्होंने गांव में घूमने के दौरान भी जरूरत मंद के बीच कंबल वितरण किया है.उसी क्रम में सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में इलाजरत 15 वृद्ध महिला पुरुष व धात्री महिलाओं के बीच कंबल किया गया.साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में 500 जरूरत मंद को इस वर्ष कंबल देने लक्ष्य है.वही संपन्न जन प्रतिनिधियों से अपील किया है.कि जरूरत मंद लोगों का कुछ सहयोग कर पुण्य के भागी बनें.मौके पर डॉ. संजीत आनंद, वसीम अख्तर, विकास खलखो समेत अन्य उपस्थित थे.

## भंडरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन, 647 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, डीपीएम नजिम अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, डॉक्टर आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.मेले में सभी अतिथियों का स्वागत सहिया दीदियों के और चिकित्सा कर्मियों के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेला मे लगे 27 विभिन्न स्टांलों में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए 647 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है। अधिक से अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य मेले में आकर लाभ लें। कई तरह के रोगों के बारे में हमें जानकारी नहीं रहती है जो जांच के बाद ही पता चलती है। ऐसे में ससमय उपचार से निरोग बनने के अवसर प्राप्त होते हैं। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। मेले मे अधिक से अधिक ग्रामीण आकर लाभ ले. सीओ दुर्गा कुमार ने कहा की इस तरह के मेले के आयोजन से समुचित स्वास्थ्य का लाभ उठाना है. साथ स्वास्थ्य जीवन मनुष्य का अभिन्न अंग है.और शरीर की देखभाल व समय समय पर उचित स्वास्थ्य जाँच जरुरी है.उन्होंने कहा की स्वास्थ्य मेला का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार विमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है.चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि विभाग हर वर्ष स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा की यहां स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य से संबंधित हर तरह के स्टॉल लगाए गए हैं,जिसे जो भी समस्याएं हैं,उससे संबंधित परामर्श हासिल कर इलाज करा सकते हैं। इससे पहले सभी को इसके लिए सभी को सभी को नामांकन करना है ताकि आपकी सारी जानकारी प्राप्त हो सके और इलाज से संबंधित सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को लाभ मिलता है उन्होंने आम ग्रामीणों से ,छोला छाप डॉक्टरों से इलाज नहीं कराने की अपील की. इस दौरान अतिथियों ने सभी स्टोलो का निरीक्षण कर भंडरा स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा की तारीफ की. इस मौके पर प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह,डॉ आकाश कुमार, डॉ निर्मला शांति, डॉ लूसी लिंडा, डॉ सुमन, डॉ अभिनाश कुमार सतीश तिर्की, शैलेन्द्र कुमार सिंह, विजय कुमार महतो, समीर टोप्पो सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक हुई आयोजित, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

## सभी पंचायत भवन, बालिका विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 फरवरी तक माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत भस्मक का निर्माण कार्य पूर्ण की जाय

**ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लगने वाले हाट बाजारो में कचरा पेटी का अधिष्ठापन किया जाय**

**172 अदद शेष बचे ग्रामों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के माध्यम से ओडीएफ प्लस घोषित की जाय**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 अंतर्गत विभिन्न घटकों पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य प्राप्ति एवं 25-26 के वार्षिक कार्य योजना तैयार करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा पिछले दिनों की गई समीक्षा दौरान प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त महोदय को विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही जिले के प्रगति एवं ठोस तरल कचरे को अलग करने व कचरे का निपटान करने, साथ ही संरचनाओ को पेयजल एवं स्वच्छता, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अभिसरण से निर्मित करने से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण का प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले में शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखने के साथ- साथ ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के स्तर में सुधार लाकर गांव को सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत ओडीएफ प्लस मॉडल गांव घोषित किया जाना है।

उन्होंने शत प्रतिशत अबुआ आवास योजना के लाभुकों को शौचालय योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही ओडीएफ प्लस के छह घटकों यथा- खुले में शौच मुक्त के स्थायित्व को बनाए रखना, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, गोबर-धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सुरक्षित माहवारी प्रबंधन एवं मलीय कचरा प्रबंधन एवं ग्राम पंचायत स्तर में पृथक्करण शेड के निर्माण कार्य आदि से जुड़े जिला अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी निमार्ण कार्य का स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने, फेज-2 से जुड़े कार्यों को 15 वें वित्त आयोग (पंचायती राज विभाग), मनरेगा (ग्रामीण विकास विभाग) के योजना का क्रियान्वयन अभिसरण माध्यम के पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने करने का निर्देश दिया। 15वें वित्त आयोग के टाईड फंड की राशि को आवश्यकता अनुसार स्वच्छता के संरचनाओं का निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक मे उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सुमन कुमार मिश्रा, प्रभारी डीपीएम ई-पंचायत पंचायती आनंद प्रकाश, सभी सहायक/कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

# केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थय मेला का आयोजन



**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**केरेडारी।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विधायक रोशन लाल चौधरी प्रमुख सुनीता देवी वीडिओ विवेक कुमार चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नफीस अंजुम उप प्रमुख अमेरिका महतो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वस्थ को लेकर जागरूक किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि केरेडारी में स्वस्थय व्यवस्था तंदुरुस्त किया जाएगा लोगों का बेहतर स्वास्थ सुविधा मिले इस पर हर तरह से कार्य किया जा रहा है ।विधायक ने सभी स्वस्थय कर्मियों को केंद्र में रहकर लोगों का अच्छा सेवा देने का निर्देश दिया इसके अलावा एमसीडी किशोरी स्वस्थ मलेरिया टीवी शुगर बीपी दवा वितरण योग नशा मुक्ति समय 15 स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मौके पर डॉक्टर अंशु कुमार सोमिया लकड़ा डॉक्टर विनय कुमार सुरेंद्र कुमार ,कर्मचारी साव पंकज साहा,मनोहर राम ,सुरेश साव बालेश्वर कुमार सहिया साथी किरण कुमारी ,पूनम कुमारी, पिंकी देवी ,सुनीता देवी, कविता कुमारी, देवंती देवी साथ में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पालो-ना द्वारा राजधानी में आयोजित समारोह में स्पंदन अवार्ड से नवाजे गए अरविंद

ट्राइबल रिसर्च सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रमीण विकास सह पंचायती राज्य मंत्री दीपिका पांडेय, एडीजी अनिल पालटा, पद्मश्री बलबीर दत्त ने किया सम्मानित

**अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**छतरपुरः** अपने सामाजिक कार्यों से झारखंड में छतरपुर का मान बढ़ा रहे समाजिक कार्यकर्ता सह वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द गुप्ता चुनमून को राजधानी रांची के ट्राइबल रिसर्च सेंटर मोरहाबादी के सभागार में 'स्पंदन अवार्ड' से नवाजा गया। यह सम्मान राज्य की ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह जी, पद्मश्री बलबीर दत्त जी और झारखण्ड पुलिस के एडीजी अनिल पालटा जी ने संयुक्त रूप से उन्हें दिया। यह सम्मान समारोह देश में भ्रूण हत्या को रोकने की दिशा में बेमिसाल कार्य कर रही सामाजिक संस्था पा-लो-ना के सौजन्य से आयोजित था। समारोह में देश के विभिन्न हिस्से से आये सामाजिक कार्यकताओं को अवार्ड से नवाजा गया। वहीं अवार्ड मिलने के बाद अरविन्द ने कहा कि वे यह अवार्ड वे छतरपुर की धरती के नाम करते हैं, जिसने उन्हें इस लायक बनाया। उन्होंने सम्मान के लिए सामाजिक संस्था पालो-ना की निदेशिका मोनिका आर्यां जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सभी लोगों को आगे आना चाहिए ताकि नवजात बच्चों की मौतों को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में शामिल हो कर इस गम्भीर मसले पर कानून बनाने हेतु केंद्र सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है। वहीं राज्य की ग्रामीण विकास सह पंचायती राज्य मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने भी आश्वस्त किया है कि राज्य में भ्रूण हत्याओं को रोकने की दिशा में कानून बनाने पर बल दिया जाएगा। पद्मश्री बलबीर दत्त और एडीजी अनिल पालटा ने भी लोगों से आह्वान किया कि समाज की इस घातक कुरीति के खात्मे के लिए सभी लोग आगे आएं। अरविंद ने कहा कि इस मसले पर कड़े कानून बनाने के साथ साथ सामाजिक जन जागरण की आवश्यकता है।

# किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**विभिन्न लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का किया वितरण**

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** पाकुड़ प्रखंड स्थित मैदान में शुक्रवार को जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी लगायी गयी। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से इसका आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त मनीष कुमार ने किसान मेले का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने आय वृद्धि के लिए किसानों को नकदी फसल उत्पादन पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। पशुपालन, मछली पालन एवं बागवानी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कृषि विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के किसान कृषि योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

उपायुक्त ने फसल प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कृषि विभाग द्वारा सब्जी और फल की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। किसान मेला में सहकारिता, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, गव्य विकास आदि विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर विभागीय पदाधिकारी के अलावा काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# रसायन और उर्वरक मंत्री भारत सरकार जे पी नड्डा जी से मिलकर इसका स्थाई समाधान करेंगे सिंदरी की जनता को आश्वासन दिया है : ढुल्लू महतो

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** सिंदरी का प्रतिनिधि मंडल घनबाद सांसद ढुल्लू महतो से मुलाकात की और सिंदरी में एफसीआईएल लिमिटेड मैनेजमेंट के द्वारा फिर से एक लीज नीति लाई गईं है उसके बारे में अवगत कराया। घनबाद सांसद के द्वारा एफसीआईएल प्रबंधन के साथ एक मीटिंग पिछले कुछ महीने पहले की गई थी। जिसमें एफसीआई प्रबंधन ने वादा किया था की सभी के बातों को सुनकर एक नई रिलीज नीति लाई जाएगी जो सभी को सर्वमान्य होगी, ताकि लोग इसमें आवेदन देकर आवंटन ले सके, और लीज की अवधि 33 वर्षों का हो और आगे भी रिनिवल का प्रावधान हो। मैनेजमेंट ने पहले से भी पैसे को बढ़ाकर लीज नीति लाई है और समय सीमा मात्रा 11 महीना और 5 प्रतिशत बढ़ोतरी किया गया है। मैनेजमेंट ने संसद के साथ जो मीटिंग हुई थी उस पर कोई ध्यान नहीं देते हुए अपनी मर्जी की रिलीज नीति लाई है जिससे सिंदरी की जनता काफी आक्रोशित है। इन सारी बातों से सांसद को अवगत कराया गया सांसद ने सकारात्मक पहल करने की आश्वासन दिया है साथ ही उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल सिंदरी से उनके नेतृत्व में दिल्ली जाकर मंत्री रसायन और उर्वरक से मिलकर इसका समाधान निकालने की बात कही । उन्होंने ओ एस डी शेखावात से भी बात करने की बात कही, साथ ही उन्होंने कहा कि चीटाही धाम में होने वाले भव्य यज्ञ के बाद वह एक सिंदरी के प्रतिनिधिमंडल लेकर दिल्ली जाएंगे और रसायन और उर्वरक मंत्री भारत सरकार जे पी नड्डा जी से मिलकर इसका स्थाई समाधान करेंगे। सिंदरी की जनता को आश्वासन दिया है, घबराएं नहीं उनके इस प्रॉब्लम का बहुत जल्द हल निकाला जाएगा। उन्होंने सिंदरी की जनता और उसके आसपास के क्षेत्र की जनता को आवाहन किया है कि 4 फरवरी से शुरू होने वाले इस महा भव्य यज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और सनातन के इस महापर्व में वह भी अपनी सहभागिता निभाएं। इस प्रतिनिधि मंडल में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह, दीपक कुमार दीपू, कामेश्वर सिंह ,मणि भूषण सिंह , ब्रजेश सिंह,संजय सिंह, राजीव रंजन सिंह, सुनील सिंह और भी कई लोग सम्मिलित थे।

## पूर्व की तरह ही लीज का नवीनीकरण हो -समस्त सिंदरी वासी

**सिंदरी/ धनबाद।** 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एफसीआईएल सिंदरी ओ एस डी सुरेंद्र सिंह शेखावत का 24 जनवरी को सिंदरी शहर में दौरा प्रस्तावित है। 26 जनवरी को श्री शेखावत कल्याण केंद्र मैदान में झंडा तोलन कर परेड की सलामी लेंगे इसके उपरांत संबोधन करेंगे, जिसमें सिंदरी शहर की उपलब्धियां एवं भविष्य में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारियां देंगे। आप सभी सिंदरी वासियों से अनुरोध है की 24 तारीख शाम 5:00 बजे ए 1 बेंगलों रोहड़ावान पहुंचकर क्वार्टर लीज की समस्याओं पर विचार विमर्श करेंगे। हर वर्ष 5 परसेंट की बढ़ोतरी जिन्हें सिंदरी वासी देने में असमर्थ है जानकारी साझा करेंगे, साथ ही पूर्व की तरह लीज आवंटित करने का आग्रह करेंगे, जिससे अधिक से अधिक संख्या में सिंदरीवासी लीज की प्रक्रिया से जुड़ सके और उनके द्वारा सरकार को एक बड़ी राशि का भुगतान हो सके।

## श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव पहुँचे चतरा, उन्होंने श्रम विभाग द्वारा तैयार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चतरा।** झारखंड के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव शुक्रवार को चतरा पहुँचे।इस दौरान परिसदन में उपायुक्त रमेश घोलप ने आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। मंत्री ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना 2021, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में लाभुक जागरूक हों और योजनाओं का लाभ ले सके। इस उद्देश्य से मंत्री ने परिसदन भवन चतरा से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों मे घुम- घुम कर लाभुकों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप,पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## समावेशी शिक्षा के तहत लगा प्रशिक्षण शिविर

**चतरा।** इटखोरी प्रखण्ड संसाधन भवन केंद्र में प्रखण्ड स्तरीय समावेशी शिक्षा के अंतर्गत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीओ दीपक कुमार मेहरा ने किया। इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक कुमारी उषा और संचालन रिसोर्स शिक्षक भोलानाथ ने किया।प्रशिक्षण में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 से संबंधित जानकारी दी गयी।प्रशिक्षण में दिव्यांगता के 21 प्रकार के लक्षण के पहचान के बारे में जानकारी दी गयी। जैसे पूर्ण दृष्टि बाधित, अल्प दृष्टि बाधित, कुष्ट रोग, बौद्धिक अक्षमता, मानसिक रोगी के बारे मे जानकारी दी गयी। साथ दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा से कैसे जोड़ा जाय इस बारे में भी बताया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शिक्षक अतुन कुमार, राजीव रंजन, दिनेश कुमार, भागीरथ प्रसाद, विनोद दांगी, विनीत कुमार, संत कुमार सिंह, रणधीर कुमार सिंह, पवन कुमार आर्य, सभी आंगनबाड़ी सेविका दिव्यांग बच्चों के अभिभावक, बीआरपी, सीआरपी, लेखपा व अन्य उपस्थित थे।

# यदि आप सुरक्षित रहेंगे तभी आपका परिवार सुरक्षित रहेगा : सुरेश कुमार

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** शुक्रवार को सिंदरी ,टासरा ओपन कास्ट खान परियोजना में खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024-25 का आयोजन किया गया। टासरा ओपन कास्ट खान परियोजना में सेल एवं केटीएमपीएल के संयुक्त तत्वधान में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024-25 का आयोजन डीजीएमएस से पधारे सुरेश कुमार पेडाडा के मुख्य आतिथ्य एवं सेल महाप्रबंधक शिबराम बनर्जी, महाप्रबंधक (प्रभारी) टासरा की गरिमामय उपस्थिति में किया गया ' खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मियों की सुरक्षा एवं सावधानी के विषय में जागरूकता लाना है ' जिसमें सुरक्षा से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक एवं सुरक्षा गीत के माध्यम से यह सन्देश दिया गया कि यदि हम सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा परिवार सुरक्षित रहेगा ' कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराकर एवं सुरक्षा शपथ दोहराकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया ' उक्त कार्यक्रम में लगभग 200 कर्मचारी उपस्थित थे ' वर्ष 2024 में सुरक्षा के प्रति सजग और सावधानी का परिचय देने वाले लगभग 36 खान कार्मिकों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया' यह कार्यक्रम अन्य कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति सजग और सावधानी बरतने हेतु प्रेरणादायक साबित हुई' मुख्य अतिथि सुरेश कुमार ने अपने उदबोधन में कहा कि आप जो भी काम करें सबसे पहले सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए करें, आप सुबह काम पर निकलते हैं तो शाम को आपका परिवार आपका इंतजार करता है, यदि आप सुरक्षित रहेंगे तभी आपका परिवार सुरक्षित रहेगा ' इसी क्रम में सेल महाप्रबंधक शिबराम बनर्जी ने अपने उदबोधन में कहा कि सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और सभी को सुरक्षा नियमों के तहत काम करना अनिवार्य है' सेफ्टी निरिक्षण दल में बीजीकेकेसी कुसुंडा क्षेत्र से दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, आर.डी. चौधरी, आर.ए.पी. पासवान, सिजुआ क्षेत्र से श्री दशरथ सिंह, संजीव कुमार सिंह आदि सम्मिलित थे।

## बोआरीजोर में डीलर की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**गोड्डाः** जिले के बोआरीजोर प्रखंड क्षेत्र के जयनारायण उपाध्या डीलर की मनमानी चरम सीमा पर है ।बताया जाता है कि उक्त डीलर का लगाव प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुमोद मेहरा से रहने के कारण डीलर लगभग प्रत्येक कार्ड के व्यक्ति पर आधा किलोग्राम खुलेआम कटौती कर रहा है ।लेकिन प्रखंड कार्यालय के अंदर बैठे प्रखंड आपूर्ति साहब का आंख तनिक नहीं खुली ।बताया जाता है कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी बड़े रहीस आदमी है प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी साहब के आगे पीछे हमेशा चलने के लिए चर्चित डीलर घूमता है ।जिससे साहब का काला खेल में बढ़ोतरी हो सके ।वहीं ग्रामीणों ने मीडिया नाम प्रकाशित नहीं करने के शर्त पर कहा कि डीलर द्वारा खुलेआम धमकी दी जाती है और हरेक महीने में कार्ड में उपस्थित सभी व्यक्ति के नाम पर आधा किलोग्राम चावल की कटौती की जा रही है ।हालांकि मामले पर अब गोड्डा डीएसओ और गोड्डा डीसी समेत राज्य खाद्य आयोग क्या संज्ञान लेती है यह देखना दिलचस्प होगा।

## जल संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**सिंदरी /धनबाद।** कार्यालय के सभागार में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण पर किसानों और अन्य संबंधित हितधारकों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विकास तथा जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सी ओ प्रवीण कुमार सिंह ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार और कृषक मित्र के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में किसानों ने हिस्सा लिया। मेसर्स एस्पेन इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि प्रियंका सिंह , कंनवर विजय सॉव एवं शैलेश महतो ने ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला और ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान बढ़ाने के लिए उपस्थित किसानों को प्रेरित किया।

## जनता दरबार मे उपायुक्त रमेश घोलप ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।**समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, पेयजल आपूर्ति से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। उल्लेखनीय है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## भद्रकाली मंदिर में भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान



**इटखोरी।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शनिवार को भद्रकाली मंदिर परिसर में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना था।ऋषि बाला सिंह ने इस मौके पर कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सदस्यता अभियान के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली और भाजपा की विचारधारा को समर्थन देने का संकल्प लिया। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह, टुन्नी सिंह, दहीन सिंह, नगीन सिंह, राकेश सिंह, सतीश सिंह, संजय सिंह, अंकित सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रत्न शर्मा, आदि थे।

# गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे वार्षिकोत्सव खेलकूद के विजेताः प्राचार्य

## जीसीपीए कॉलेज में शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में वार्षिकोत्सव खेल कूद का सफल आयोजन संपन्न

**अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**




**छतरपुर :** जिले के छतरपुर नगर पंचायत के सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में वार्षिकोत्सव खेलकूद का भव्य और अनुशासित आयोजन एक सप्ताह तक चला। इस दौरान छात्रों ने कुर्सी रेस, कैरमबोर्ड, लूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, फुटबॉल और क्रिकेट जैसी कई प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के शुभ अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

**प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल का विचार:**

खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. राजकिशोर लाल ने कहा, ₹खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नहीं बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास को भी सशक्त बनाता है। यह छात्रों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर दिया है।₹ उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**क्रिकेट में 'अकास टीम' ने मारी बाजी**

आयोजन के अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण क्रिकेट का जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें 'अकास टीम' विजेता घोषित हुई। इस रोमांचक मैच में अंपायर की भूमिका सफल कुमार एवं सतेंद्र कुमार ने निभाई, जबकि प्रो. अमित कुमार सिंह ने शानदार कॉमेंट्री से दर्शकों का मन मोह लिया। मैच में आकाश की टीम ने 12 ओवर में 123 रनों की पारी खेली, वहीं निरंजन की टीम ने 12 ओवर में 61 रन ही बना पायी। इसप्रकार आकाश की टीम ने 62 रनो से बढ़त बनाई और जीत हासिल की।

**आयोजन को सफल बनाने में आयोजकों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान**

इस वार्षिकोत्सव खेलकूद आयोजन को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने में प्रमुख भूमिका निभाई खेल प्रभारी प्रो रोहित कुमार, सहयोगी मुन्नी देवी, अंजलीना खाखा, सफल कुमार मेहता, जलेश्वर गुप्ता और पंचम कुमार ने। इनकी मेहनत और नेतृत्व में सभी प्रतियोगिताएं बिना किसी बाधा के संपन्न हुईं। साथ ही, कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

**गणतंत्र दिवस का इंतजार कर रहे विजेता खिलाड़ी**

प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं और गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सम्मान प्राप्त करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस आयोजन ने न केवल छात्रों के भीतर प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें खेलकूद के महत्व को भी समझने का अवसर दिया।

# जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 473 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

**कैंप में 111 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया**

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** महेशपुर के पत्थरघाटा, पाकुड़िया के बड़तल्ला एवं पिनारगढ़िया, लिट्टीपाड़ा के लिट्टीपाड़ा एवं कुमारभाजा, अमड़ापाड़ा के अमड़ापाड़ा आंगनबाड़ी बाजार, पाकुड़ के निशानपाड़ा एवं हिरणपुर के बूटीपहाड़ी में आयुष विभाग की ओर से शुक्रवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 473 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ राजेश कुमार, डॉ लवकुश यादव, डॉ अशोक मेहता, डॉ अमलेश कुमार, सौरभ विश्वास, डॉ प्रेम कुमार, डॉ संतोष कुमार यादव एवं बिरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 25 जनवरी 2025 को पाकुड़िया के पलियादहा एवं पत्थरडंगा, लिट्टीपाड़ा के जामुकड़ियां, अमड़ापाड़ा के अमीरजोल एवं पुसुरविटा एवं पाकुड़ के झिकरहटी में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

# 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर महत्वपूर्ण संगोष्ठी हुआ आयोजन

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में हिरणपुर के मुगाडांगा आयोजित किया गया। दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन के मुख्य आतिथ्य और जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए गए।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया, बल्कि उनके द्वारा निर्मित संविधान का भी स्वार्थपूर्ण उपयोग किया। उन्होंने बताया कि 1952 के चुनाव में कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को हराने का प्रयास किया। इसके विपरीत, भाजपा ने अंबेडकर के सम्मान में उनके जन्मस्थल पर स्मारक का निर्माण करवाया और इसे तीर्थस्थल का दर्जा दिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने साल 1952 और 1954 के चुनाव में भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को हराने के लिए षडयंत्र किया और नेहरू के मन से मंडल में मंत्री रहते हुए उन्हें रक्षक विदेश मामलों की प्रमुख समितियां से बाहर कर अपनी दलित विरोधी मानसिकता का परिचय दिया भारत के विभाजन के बाद भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दलित शरणार्थियों के पुनर्वास की अपीलों को कांग्रेस ने नजरअंदाज कर दिया भाजपा सरकार ने 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम का के द्वारा दलित शरणार्थियों को उनका हक दिया।जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि वह संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित है। उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने उस दौरान अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रतिबंध लगाया और लाखों देशभक्तों को जेल में डाल दिया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पर अपने शासनकाल में संविधान में 75 बार संशोधन करने का आरोप लगाया गया। कांग्रेस ने कभी भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर संसद के सेंट्रल हॉल में लगाने की अनुमति नहीं दी। कांग्रेस ने यूपीए सरकार के दौरान एनसीईआरटी की एक किताब में डॉक्टर अंबेडकर पर अपमानजनक कार्टून छापा गया जिसमें बाबासाहेब की विरासत और योगदान का मजाक बनाया गया। भाजपा सरकार ने 2016 में एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम को मजबूत करके पीड़ितों के लिए वित्तीय सहायता में इजाफा किया एस एसटी आरक्षण को 10 साल तक बढ़ाया गया। साथ ही ईडब्ल्यूएस के लिए 10% आरक्षण लागू किया और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा भी प्रदान किया।इस कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल ने किया।इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक विजय भगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, लक्ष्मी तुरी, संजय मंडल, पंचायत समिति सदस्य सावित्री देवी, रामजी साह,किरण मंडल, अमर साहा, मिथुन मंडल, बाबूलाल सोरेन,निमाई साहा, दिनेश तुरी, बबलू हेंब्रम, राजेश राय, सुशील सोरेन,विशाल मंडल,सुधीर मंडल, बिरजू तुरी सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए ।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता : उपायुक्त

ऑन स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन



**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित मामले, आपूर्ति, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आवास, भू अर्जन कार्यालय आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## बीआईटी सिंदरी में सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** बीआईटी सिंदरी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत दिनांक 24/01/2025 को सड़क सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बी०आई०टी० सिंदरी के नोडल ऑफिसर डॉ० निशिकान्त किस्कु एवं समन्वयक प्रो० प्रशान्त रंजन मालवीय ने निदेशक प्रो० (डॉ०) पंकज राय के मार्गदर्शन में कियो कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बी०आई०टी० सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जीतू कुजूर एवं प्रो० सरोज मीणा रहे कार्यक्रम में राजकीय बुनियादी विद्यालय बी०आई०टी० सिंदरी की प्रधानाचार्या अंजू कुमारी एवं विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुऐ अपने विशेष व्याख्यान के दौरान, डॉ० जीतू कुजूर ने सड़क पर अनुशासन के महत्व को समझाते हुए सुरक्षा उपायों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात संकेतों का पालन और संयमित वाहन चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही इन्होने अपने प्रेजेंटेशन में विभिन्न यातायात के निर्देश एवं संकेतों पर संक्षिप्त जानकारी भी दी आयोजन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाना था। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. निशिकांत किस्कु ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए हेलमेट पहनने के लाभ के बारे में सभी को अवगत कराया।

## इटखोरी महोत्सव को लेकर बैठक

**चतरा।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित मंदिर कार्यालय में राजकीय महोत्सव के आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक चतरा एसडीओ जहूर आलम की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर एसडीओ जहूर आलम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भव्य तरीके से महोत्सव का आयोजन होगा। पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी के सभी प्रस्ताव को माना जायेगा। रैयतों को प्राथमिकता दी जाएगी, स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। इस दौरान बीडीओ सोमनाथ बंकिरा और सीओ सविता सिंह ने लिए गए प्रस्ताव व महोत्सव के पूर्व मन्दिर के सभी व्यवस्था को दुरुस्त करने की जानकारी एसडीओ को दी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड प्रमुख प्रिया कुमारी, जिप सदस्य सरिता देवी उपस्थित थीं। इस मौके पर एसडीओ जहूर ने कहा कि इस बार भी तीन धर्मो का संगम स्थल भद्रकाली में भव्य तरीके से महोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में महोत्सव लेकर कई प्रस्ताव लिए गए। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेद. सिंह, भाजपा जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष डॉ मृत्युंजयप सिंह, रत्ननेश्वर शर्मा, पुजारी नागेश्वर तिवारी, पूर्व मंत्री सत सिंह, योगेंद्र सिंह, राम दहिन सिंह, शंकर सिंह, मुखिया योगेश्वर दांगी, संतोष सोनी, पुरषोत्तम सिंह, बद्री चौरसिया, सुरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने अफीम की अवैध खेती किया नष्ट

**चतरा।** प्रतापपुर थाना पुलिस एवं वन विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से अभियान चला कर प्रतापपुर एवं कुंदा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के जंगलों में पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर से जोताई कर और लाठी डंडों से पीट पीट कर नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई नक्सल प्रभावित क्षेत्र हिंदिया खुर्द, गोड़े भैसमरा, अनगड़ा, तेगम, बामी, एवं शिकारपुर आदि गांव की गयी। पुलिस एवं वन विभाग के द्वारा लागातार अभियान चला कर वन भूमि और गैर वन भूमि पर लगे पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर और लाठी डंडों से नष्ट किया गया है। इस अभियान में प्रतापपुर थाना पुलिस, कुंदा थाना पुलिस, सीआरपीएफ, और वन कर्मी शामिल थे। अभी भी कुंदा थाना क्षेत्र और प्रतापपुर थाना क्षेत्रों में पोस्ता की खेती लहलहाजार वन कमा शामल था जभा भा कुदा थाना क्षत्र आर प्रतापपुर थाना क्षेत्रों में पोस्ता की खेती लहलहा रहा है। पिछ्ले वर्ष की तुलना में इस बार अफीम तस्करों के द्वारा प्रशासन के लाख मना करने और जागरुकता अभियान चलाने के बाद भी भारी पैमाने पर पोस्ता की खेती लगाने का काम किया गया है। जबकि पुलिस एवं वन विभाग पोस्ता की खेती लगाने के पूर्व में लोगों को इससे होने वाले नुकसान और कई प्रकार के बीमारियों की जानकारी दी गई थी और लोगों को जागरूक किया गया था। परंतु अफीम की खेती से होने वाले दिन दुगनी चार चौगुनी तरक्की और आमदनी को देख कोई बाज नहीं आ रहे है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अफीम की खेती करने वाले लोगों की पहचान किया जा रहा है, इसके बाद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई किया जाएगा।

## हजारीबाग के द किंग रिसोर्ट में चल रहा था देह व्यापार का अवैध धंधा, 7 लोग गिरफ्तार

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग :** हजारीबाग के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चानो स्थित होटल द किंग रिसोर्ट में पुलिस ने छापेमारी की है। इस दौरान पुलिस ने सेक्स रैकेट में शामिल होटल मैनेजर सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में चार युवक और तीन युवतियां शामिल है। बताया जा रहा है कि होटल में लड़कियों को बाहर से मंगवाकर देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। बंगाल से लड़कियों को बुलाकर यह धंधा कराया जा रहा था। पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। भुरकुंडा के रहने वाले सोहेल खान, सौंदाडीह के गौतम कुमार, बरही के विक्की सिंह और चौपारण के बंदगावां के रहने वाले त्रिभुवन प्रसाद के अलावा तीन युवतियों को होटल में पकड़ा गया था।

## सिमारिया मे प्रशासन का लगातार तीसरा दिन भी चला बुलडोजर



**चतरा।** सिमरिया में लगातार तीसरा दिन प्रशासन का अतिक्रमण पर बुलडोजर चला है। पहला दिन और दूसरा दिन सिमरिया चौक पर केशर हिंद भूमि पर किया गया अतिक्रमण को अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद,अंचलाधिकारी गौरव कुमार और थाना प्रभारी मानव मयंक के संयुक्त कारवाई से मुक्त कराया गया। यह अतिक्रमण मुक्त जेसीबी के सहारे किया गया। वहीं चौक के सिमरिया से हजारीबाग रोड,सिमरिया से टंडवा रोड,सिमरिया से देलहो रोड, सिमरिया बगरा रोड, सिमरिया से थाना रोड़ के पांचों मार्गो में किया गया अतिक्रमण को भी मुक्त कराया गया। अतिक्रमण पर लगातार खबरों को लेकर खाता नंबर 02 प्लॉट नंबर 76/77 रकबा 52 एकड़ मौजा बकचौमा को भी अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय की मौजूदगी में उक्त खाता प्लॉट गैरमजूरुआ भूमि पर जेसीबी चला कर पहले बाउंड्री को तोड़ा गया ।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने अपने सभी विभागीय पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई

**हजारीबाग।** 15वें मतदाता दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में अपने सभी विभागीय पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। आयुक्त ने उपस्थित लोगों को अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 हेतु थीम ह्लठङ्कईल्लॅ छ्'ी शङ्कउल्लॅ, कश्ङ्कउ ङ्म1 र४1ीह्र ह्लवोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हमह्र मतदाताओं को समर्पित है। यह मतदाताओं की वोट की शक्ति के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति उनकी भावनाओं और आकांक्षाओं को व्यक्त करता है। इस अवसर प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार के अलावे, आयुक्त के सचिव श्री बासुदेव प्रसाद सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थय मेला का आयोजन, विधायक ने फिते काटकर किया उद्घाटन



**केरेडारी।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विधायक रोशन लाल चौधरी प्रमुख सुनीता देवी वीडिओ विवेक कुमार चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नफीस अंजुम उप प्रमुख अमेरिका महतो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वस्थ को लेकर जागरूक किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि केरेडारी में स्वस्थय व्यवस्था तंदुरुस्त किया जाएगा लोगों का बेहतर स्वास्थ सुविधा मिले इस पर हर तरह से कार्य किया जा रहा है ।विधायक ने सभी स्वस्थय कर्मियों को केंद्र में रहकर लोगों का अच्छा सेवा देने का निर्देश दिया इसके अलावा एमसीडी किशोरी स्वस्थ मलेरिया टीवी शुगर बीपी दवा वितरण योग नशा मुक्ति समय 15 स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मौके पर डॉक्टर अंशु कुमार सोमिया लकड़ा डॉक्टर विनय कुमार सुरेंद्र कुमार ,कर्मचारी साव पंकज साहा,मनोहर राम ,सुरेश साव बालेश्वर कुमार सहिया साथी किरण कुमारी ,पूनम कुमारी, पिंकी देवी ,सुनीता देवी, कविता कुमारी, देवंती देवी साथ में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर सेना के प्लाटून ने पूरे जोश के साथ किया फुल ड्रेस परेड का रिहर्सल

**हजारीबाग।** आयुक्त, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी, किया परेड का निरीक्षण 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड को लेकर आज 24 जनवरी को सेना के मार्चिंग टुकड़ियों ने स्थानीय कर्जन ग्राउंड में हिस्सा लिया और परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की। मौके पर आयुक्त श्री पवन कुमार,उपायुक्त श्रीमति नैंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद कुमार सिंह ने सेना व पुलिस बल के टुकड़ियों के द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल का संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और ससम्मान सलामी दी गई। सेना के जवान ने पूरे यूनिफॉर्म में जोश खरोश के साथ राष्ट्रीय धुन पर कदमताल करते नजर आए। शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, महिला विंग,एनसीसी तथा होम गार्ड के दस्ते अपने यूनिफॉर्म और हथियारों के साथ नजर आए। बीएसएफ के बैंड पार्टी ने राष्ट्रधुन बजाई। कर्जन ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी,नजारत उपसमाहर्ता प्रदीप प्रसाद,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण कल




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची :** श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तालाब,रांची के प्रांगण में कल श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति एवं श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जाने माने समाजसेवी श्री रमेश सिंह के द्वारा भोग लगाया जाएगा और वितरण की जाएगी साथ ही वर्ष 2025 श्री चैती दुर्गा मंदिर का 9 वार्षिक उत्सव कैसे किया जाए उस पर विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह एवं प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

## कोयला सचिव विक्रम देवदत्त ने किया स्मार्ट क्लास का ऑनलाइन उद्धघाटन

**चतरा।** सीसीएल द्वारा झारखण्ड के आठ जिले के 193 स्कूलों में स्मार्ट क्लास आईसीटी लैब की सेवाएं शुरू हो गयी। जहां नौनिहाल कंम्पयूटर से पढ़ाई करेंगे। जिसका ऑनलाइन उद्घाटन कोयला सचिव ने आम्रपाली अंतर्गत किशनपुर विद्यालय में किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार और सांसद पुत्र नीतेश कुमार ने भाग लिया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से झारखण्ड के विद्यालयों में इसका ऑनलाइन उद्धघाटन कोयला सचिव विक्रम देवदत्त ने किया। वही कार्यक्रम में योजना का विधिवत उद्घाटन सांसद पुत्र भाजपा नेता नितेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह व विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी ने फीता काटकर किया। इस दौरान कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद व सीसीएल सीएमडी निलेन्दु सिंह भी ऑनलाइन जुड़े हुए थे। जीएम अमरेश कुमार ने बताया कि आम्रपाली कोल परियोजना अंतर्गत 22 स्कूल इस योजना से लाभान्वित होंगें। सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में सीसीएल द्वारा यह कदम उठाया गया है। जीएम आम्रपाली ने कहा कि सीसीएल की यह एक बहुत बेहतर योजना है, जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चो को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई कर पाएंगे। बताया कि इस योजना पर सीसीएल 26.7 करोड़ रुपए सीसीएल खर्च कर रही है।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बरही के कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ पदाधिकारी डॉ शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बरही कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती दीपा खलखो एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा संयुक्त रूप से बरही अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने होटल क्वॉलिटी इन, मधुलिका स्वीट्स, मधेशिया स्वीट्स,युवराज होटल आदि खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के क्रम मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच के साथ साथ वॉटर टेस्टिंग रिपोर्ट,अनुवल मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जांच अभियान के क्रम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा संचालकों को निर्देश दिया गया कि अपने रसोईघर को अच्छी तरह से हाईजीन कंडीशन में रखेंगे। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे ताकि आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े। साथ ही सभी संचालकों को फूड कलर 100 पीपीएम तक ही इस्तेमाल करने की सलाह दी।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने एंडेवर अकेडेमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ किया संवाद



**पाकुड़ :** प्रोजेक्ट प्रयास ₹हुनर से होनहार तक का सफर₹ के तहत उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने पाकुड़ प्रखंड परिसर में स्थित एंडेवर अकेडेमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं का किया काउंसलिंग और संवाद। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदय सप्ताह में एक बार आप लोगों का क्लास लेने आयेंगे। आप सभी प्रतिदिन क्लास जरूर करें। उपायुक्त ने कहा कि जो जितना मेहनत करता है वह उतना मजबूत होता है। आप सभी गलत आदतों से जरूर बचे। आपको मेहनत से प्यार करना होगा। छात्र- छात्राओं को भविष्य में किस तरह से पढ़ाई करके आगे बढ़ना है, इसके बारे में उन्होंने विस्तार से समझाया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्र- छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किस प्रकार से मानसिक दढ़ता दिखानी पड़ती है, उसके बारे में समझाया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सरकारी कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित

# समाहरणालय में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मियों को दिलाई शपथ

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 बीएलओ को शाल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र, 04 बीएलओ पर्यवेक्षक को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो एवं 02 दिव्यांग मतदाता को शाल, मिठाई एवं गुलाब फूल, युवा मतदाता को डायरी कलम एवं गुलाब फूल देकर सम्मानित किया।शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का काफी महत्व है। वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरीह्र को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। कहा कि यह दिवस सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन लोगों यह बताता है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है। प्रत्येक नागरिक का मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है उन्होंने समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने शपथ दिलाया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अधिकारियों एवं कर्मियों ने उक्त बातों को दोहराया। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी को शपथ दिलाकर बेटियों को बचाने, पढ़ाने एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आज 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। ये बेटियों के लिए गर्व की बात है। मेरा मानना है कि बेटियां बेटों से ज्यादा अच्छी होती हैं। बेटियों की शादी हो जाने के बाद भी वो माता-पिता और अपने परिवार से जुड़ी रहतीं हैं। उधर, समाहरणालय के अलावा जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों, सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय, विद्यालयों आदि में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाया गया।

## जिला प्रशासन परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए छात्रों को कर रहा है तैयार

**बोर्ड परीक्षा में जिले को 22 वें स्थान से 1 से 5 वें स्थान में लाना उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की प्राथमिकता में है**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने वीसी के माध्यम से उच्च / उच्चतर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं बच्चों के साथ बैठक की।उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा बताया गया कि बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति, विद्यालय में प्रोजेक्ट परख के अंतर्गत बच्चों को मॉडल सेट का प्रेक्टिस करने एवं प्रैक्टिस में भाग लेने हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस बार पाकुड़ जिला को 22 वां स्थान से राज्य में टॉप 5 के अंदर में लाना मेरी प्राथमिकता में है। साथ ही कहा कि इस बार की बोर्ड परीक्षा में पाकुड़ जिले से 5 बच्चे टाप करें। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन सभी विद्यालयों में किया जाना है। सभी प्रधानाध्यापक को विद्यालय में सभी सुविधाएं यथा साइकिल स्टैंड, झंडोतोलन मंच, न्यूज रीडर स्टैंड इत्यादि की सुविधा शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्री टेस्ट समाप्त होने के पश्चात पुनः इसकी जांच कर विद्यालयों में बच्चों के बीच समीक्षा भी की जाएगी।पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी शिक्षकों से बच्चों का एक्स्ट्रा मेहनत करवाने का निर्देश दिया। क्वेश्चन बुकलेट को अच्छी तरह से कंप्लीट कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि बोर्ड परीक्षा में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। बचे हुए दिनों की आखिरी तैयारी बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं।

# भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली !



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

कांगौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडगे ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे राहुल एम खडगे को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं।



भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर ख?ीदने थे से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और कौमी आवाज नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए. इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। बाद में घालमेल कर यंग इंडियन के कब्जे में एजेएल कंपनी को कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ का लोन भी माफ कर दिया। यानी यंग इंडियन को एक प्रकार से मुफ्त में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी का मालिकाना हक मिल गया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर में एक संपत्ति की खरीद में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.9 मिलियन पाउंड (17 करोड़ से अधिक) है। इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इसके अलावा हरियाणा में हुड्डा की कांग्रेस सरकार के दौरान वाड्रा-डीएलएफ लैंड डील का बड़ा घोटाला उजागर हुआ था। रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने गुडगांव के मानेसर-शिकोहपुर में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में करीब 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। हुड्डा सरकार ने वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी को इस जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित करने की स्वीकृति दी थी। मुश्किल से चार महीने में 700 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा वाड्रा की कंपनी को होता है, वहीं 2012 में हुड्डा सरकार कॉलोनी बनाने वाले लाइसेंस को डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोपों की फेहरिस्त काफी लंबी है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड? का वादा नहीं किया। यही वजह रही कि कांग्रेस इस मुद्दे पर भाजपा के निशाने पर रही है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

## मुस्तैदी की जरूरत

शासन-प्रशासन के लिए यह परीक्षा की घड़ी है और शुक्रवार को जिस तरह से सावधानी बरती गई है, उसकी सराहना होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में पहले से ही अंदेशा था कि जुमे की नमाज के बाद भीड़ उग्र हो सकती है। कई जगह असामाजिक तत्व सक्रिय थे, लेकिन प्रशासन की सतर्कता काम आई। ध्यान रहे, पिछले सप्ताह कानपुर में जुमे की नमाज के बाद ही पत्थरबाजी हुई थी और माहौल बिगड़ा था। अतः इस बार खासतौर पर उत्तर प्रदेश में प्रशासन सचेत था। जगह-जगह शांति के लिए बैठकों का भी आयोजन हुआ और लोगों को संदेश दिया गया था कि कहीं भी शांति भंग की स्थिति नहीं बननी चाहिए। फिर भी जगह-जगह धर्म विशेष के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। दिल्ली की जामा मस्जिद में भी भाजपा की पूर्व प्रवक्ता के बयान के खिलाफ प्रदर्शन हुआ है। यह अच्छी बात है कि दिल्ली से लेकर लखनऊ और प्रयागराज तक इमाम व उलेमा खुद भी सतर्क रहे हैं। शांति बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।

जगह-जगह जो प्रदर्शन हुए हैं, उनको पूरी संवेदना के साथ समझने की जरूरत है। हमारा लोकतंत्र हर किसी को अभिव्यक्ति या शांतिपूर्वक प्रदर्शन का अधिकार देता है। समुदाय विशेष के लोगों ने बैनर, पोस्टर के साथ प्रदर्शन कर अपना विरोध दशार्या है, तो इसकी आलोचना नहीं हो सकती। इक्का-दुक्का जगहों पर ही पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है, तो इसकी जरूरत को सहज ही समझा जा सकता है। पुलिस प्रशासन के लिए यह मोचाबंदी का समय है। सतर्कता केवल जुमे तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। आने वाले दिनों में मुस्तैदी से अमन-चैन बहाल रखना राज्य सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। पुलिस को हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए और ज्यादातर जगह समझाइश से ही स्थिति नियंत्रित हो जाएगी। आज पुलिस के लिए अपने दोनों पहलुओं को दुरुस्त रखना जरूरी है। समझाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहिए। उसके बाद भी अगर कहीं असामाजिक तत्व सिर उठाने की सोचते हैं, तो उन्हें पता होना चाहिए कि वे पुलिस के हाथों से बचेंगे नहीं। उत्तर प्रदेश की ही अगर बात करें, तो प्रशासन और शासन को पता है कि कहां ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। जरूरी नहीं है कि अराजक तत्व किसी धर्म विशेष में ही हों। हर कानून सम्मत उपायों से अराजक तत्वों पर निगाह रखने की जरूरत है।

देश के ज्यादातर शहरों में पुलिस ने सतर्कता बरती है, क्योंकि विवाद अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। ऐसे धर्म आधारित देश भी विवाद भड़काने में जुट गए हैं, जो अपने यहां अल्पसंख्यकों के प्रति निर्मम रहे हैं। अरब देशों में भारतीयों या धर्म विशेष के कामगारों को काम से निकालने की कार्रवाई भी कुछ कंपनियां कर रही हैं। यह सरासर गलत है। सरकारें सतर्क हैं, अपने-अपने स्तर पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई कर रही हैं। ध्यान रखना होगा कि न पक्षपात हो और न दिखे। हम आधुनिक दौर के लोग हैं, जब रोजी-रोटी, पढ़ाई-लिखाई का महत्व पहले से कहीं ज्यादा है। जब समाज में अशांति होती है, तब गरीब, लाचार लोगों को जो जमीनी स्तर पर बहुत तकलीफ होती है, इसका आभास हमें जरूर होना चाहिए। महंगाई या मुश्किल के दौर में हम अपनी मुसीबत और न बढ़ाएं, इसी में समग्र समाज की सफलता है। अतः हर शहर, उसके हर नागरिक संगठन और हर नागरिक को अपने क्षेत्र के सम्मान की चिंता करनी पड़ेगी।

## बेलगाम होते इंटरनेट मीडिया के खतरे, अब बुद्धि, विवेक और भावना सब को नियंत्रित कर रहा

इंटरनेट मीडिया माध्यम अब हमारी बुद्धि विवेक और भावना सभी को नियंत्रित कर रहे हैं। हमें इंटरनेट मीडिया के उपयोग की विधाओं और सीमाओं पर गौर करते हुए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसे व्यसन मानकर मनोरोग की श्रेणी में डाल देना तो सांस्कृतिक क्षरण का प्रमाण है। सभ्यताओं के विकास की कहानी बताती है कि परिवेश में बदलावों की लंबी कड़ी में इंटरनेट मीडिया की सत्ता आज सबसे अधिक महत्व की हो चली है। मानव इतिहास की नवीनतम सर्वव्यापी घटना के रूप में सूचना-संचार का गठन आज कई मानकों का अतिक्रमण कर नए-नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इस क्रम में ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ने एक बड़ा अध्याय जोड़ा है। इनका दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है। मनुष्य के लिए अपनी आत्माभिव्यक्ति और दूसरों के साथ उसे साझा करना एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इंटरनेट मीडिया ने इस प्रवृत्ति को एक होड़ में बदल दिया है। आज इंटरनेट मीडिया समाज और सामाजिकता पर हावी हो रहा है। इसका तात्कालिक प्रभाव इतना जबरदस्त होता है कि उसकी गिरफ्त में जो फंसता है, उसे कोई दूसरी राह नहीं सूझती। उलटे उससे जुड़े रहने का चाव और चाहत ऐसे तीव्र और सघन ढंग से बढ़ती जाती है कि ज्यादातर लोगों को समय कम पड़ने लगता है। आज इंटरनेट मीडिया हमारे अस्तित्व के हर निजी और सार्वजनिक पहलू को स्पर्श कर रहा है। सूचना का बढ़ता साम्राज्य हमारे परिवेश में सबसे व्यापक और प्रभावशाली बदलाव साबित हो रहा है। सूचना तो हमेशा ही जरूरी थी और ज्ञान एवं शिक्षा से उसका निकट का रिश्ता भी पुराना था, परंतु उसका दखल इतना बढ़ जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। आज जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया का अनिवार्य हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। निजता-सार्वजनिकता, दोनों का दायरा बढ़ाते हुए आज सारी चीजें उसी के अधीन होती जा रही हैं। हम हर बात के लिए इंटरनेट मीडिया पर निर्भर हुए जा रहे हैं। नैसर्गिक और वास्तविक दुनिया में बनने वाले मानवीय रिश्तों और उनके बीच आपसी संबंध को स्थगित और विस्थापित कर इंटरनेट मीडिया उनका नया गणित बना रहा है और नई पीढ़ी उसी के हिसाब से चलने को तत्पर है।

इंटरनेट मीडिया अब बुद्धि, विवेक और भावना सब को नियंत्रित कर रहा है। प्रेम, घृणा, लोभ, उत्साह, विषाद या द्वेष के भाव हों अथवा किसी क्षेत्र में कुशलता अर्जित करने की चुनौती हो, सबकी और सारी राहें इंटरनेट मीडिया से या उसके पास से होकर गुजरती हैं। इंटरनेट मीडिया अब संदेश का माध्यम मात्र नहीं रहा। वह संदेश का जनक और लक्ष्य भी नहीं रहा, बल्कि इससे आगे बढ़कर उसे रचने वाला भी होने लगा है। हम सब अपने को इंटरनेट मीडिया के अनुरूप ढालने लगे हुए हैं। इसका आकर्षण इतना है कि अपनी छवि बनाने को लेकर हम अतिरिक्त रुचि के साथ इंटरनेट मीडिया के उपयोग के लिए सतर्क, सजग और सक्रिय रहने लगे हैं। इसे देखकर इंटरनेट मीडिया के जरिये व्यक्ति, समुदाय और समाज के मानस को अपने निहित



उद्देश्यों की पूर्ति के उद्देश्य से ढालने या ह्यमैनिपुलेटह्ल करने की व्यापक कोशिशें भी चल पड़ी हैं। ऐसी कोशिशें कई बार वैमनस्य और कलह का कारण बनती हैं। इंटरनेट मीडिया के लगातार अभ्यास के साथ उपजती आसक्ति तरह-तरह के व्यसन का रूप लेती जा रही है। कई बार व्यसन के चलते बच्चे और बड़े अपना आपा खो देते हैं और वह सब करने लगते हैं जो अस्वाभाविक और हानिकारक भी हो सकता है। दैनिक व्यवहार में इंटरनेट मीडिया की उपस्थिति और संगति जिस तरह बढ़ रही है, वह खतरे का संकेत दे रही है। लोग घंटों ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप पर लगे रहते हैं और अपने अन्य कार्यों की उपेक्षा करते हैं। तमाम लोग ह्यलाइक, शेयर, कमेंट और सब्सक्राइबह्ल करते रहने के दबाव में रहते हैं।

इंटरनेट मीडिया के प्रकोप से जुड़ी घटनाएं हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं। ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के जरिये फरेब, धोखा, प्रेम, सहायता और परोपकार हर तरह की सत्य-कथाएं आए दिन चर्चा में आती रहती हैं। पबजी सरीखे तमाम वीडियो गेम ऐसे हैं, जो न केवल सामान्य जीवन में व्यवधान पैदा करते हैं, बल्कि प्राणलेवा भी साबित हो रहे हैं। अक्सर ऐसे व्यसन उन परिवारों में अधिक देखने को मिल रहे हैं, जहां अभिभावक बच्चों के साथ पर्याप्त संवाद नहीं रखते। नए संदर्भ में इंटरनेट मीडिया की तीव्र उपस्थिति के सत्य को स्वीकार करते हुए समाज में अभिभावकों के दायित्व की समझ और चेतना फैलाना बड़ा आवश्यक है। चूंकि इंटरनेट मीडिया दोधारी तलवार जैसा है, इसलिए उसका उपयोग संभाल कर होना चाहिए। पुरानी हिदायत है कि किसी भी चीज की अति खतरनाक होती है। ध्यान रहे कि इंटरनेट मीडिया झूठी खबरों और दुष्प्रचार का जरिया भी बन रहा है। हमें इंटरनेट मीडिया के उपयोग की विधाओं और सीमाओं पर गौर करते हुए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसे व्यसन मानकर मनोरोग की श्रेणी में डाल देना तो सांस्कृतिक क्षरण का प्रमाण है। हमें इसके समाधान की ओर ध्यान देना होगा। इसके लिए तात्कालिक आर्थिक फायदों को किनारे रखकर कैसी सामग्री उपलब्ध की जा सकती है, इसके लिए उचित कायदे-कानून बनाने होंगे। फिलहाल तो यही लगता है कि डिजिटल होती दुनिया और भी डिजिटल होगी। बाजार, आफिस और स्कूल हर जगह इसका विस्तार हो रहा है। इसके फायदों और सुभीते को देखते हुए यह भी जरूरी होगा कि डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल के नफे-नुकसान की शिक्षा भी मिले।

## न्याय के पहिए बुलडोजर से कहीं अधिक धीमे, अब कोर्ट के दखल का वक्त

बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर जरूरी है कि इस मामले में कोर्ट हस्तक्षेप करे। यूपी समेत दूसरे राज्यों में बुलडोजर एक्शन को लेकर दिए गए ऑर्डर कानून के शासन के लिए खतरनाक सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसे मामलों में न्यायालयों को और अधिक तत्परता दिखाए जाने की जरूरत है। बुलडोजर संवैधानिक अधिकारों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं और उच्च अदालतों की ओर से जवाब नहीं दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम, त्रिपुरा और दिल्ली वो राज्य हैं जो घरों को तोड़े जाने के मामले में बुलडोजर क्लब में हैं। न्याय के पहिये बुलडोजर के पहियों से कहीं ज्यादा धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अप्रैल में खरगोन दंगों के बाद गिराए गए घरों को लेकर नोटिस जारी किया लेकिन इस मामले में अब तक कुछ भी नहीं हुआ है। दिल्ली के जहांगीरपुरी में 20 अप्रैल को बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाने के बाद सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई अगस्त के लिए सूचीबद्ध है। न्यायालयों को और अधिक तत्परता दिखानी चाहिए।

ऐसे मामलों में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी स्वतः संज्ञान ले सकते हैं। अदालतों का मुख्य कर्तव्य दोष और सजा का निर्धारण करना, जो कि उचित प्रक्रिया पर आधारित है, और यह दांव पर है। इसे ठीक करने का मौका प्रयागराज में मकान तोड़े जाने के खिलाफ सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका के जरिए आता है। याचिका में कहा गया है कि जिस घर को गिराया गया वो हिंसक प्रदर्शन के आरोपी व्यक्ति की पत्नी के नाम पर था। यह बुलडोजर की कार्रवाई के सबसे खराब पहलुओं में से एक पर ध्यान केंद्रित करता है। न केवल अदालतों के बाहर दोष निर्धारित किया जा रहा है, बल्कि आरोपी के परिवार को सजा दी जा रही है। सामूहिक दंड की अवधारणा मध्य युग में लोकप्रिय थी। स्पष्ट रूप से कहने के लिए, संवैधानिक लोकतंत्रों में इसका कोई स्थान नहीं है। फिर भी, पिछले कुछ वर्षों में, और विशेष रूप से पिछले कुछ हफ्तों में, राज्य के अधिकारियों द्वारा बुलडोजर को लेकर दिए गए ऑर्डर कानून के शासन के लिए एक खतरनाक सवाल खड़े कर रहे हैं।

बुलडोजर जस्टिस को लेकर जरूरी है कि हाई कोर्ट इस पर बैरियर लगाए। इसकी संभावना बहुत कम है कि किसी राज्य का कोई मुख्यमंत्री या नगरपालिका प्राधिकरण न्यायाधीशों की अवहेलना करेगा। जब अदालतें मजबूत हस्तक्षेप करती हैं, तो अड़ियल सिस्टम भी खुद को सही कर लेते हैं। एक अच्छा ताजा उदाहरण लखीमपुर खीरी जांच पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है। न्याय प्रणाली, अपनी सभी सीमाओं के बावजूद, अभी भी नागरिकों के अधिकारों के रक्षक के रूप में काम करती है।



# कपूरी जयंती समारोह में पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

## उनके जाने के बाद पहुंचे सी.एम नीतीश, कपूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि; पुरोहित के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**समस्तीपुर।** भारत रत्न जननायक पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को समस्तीपुर पहुंचे हैं। उनके साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय गृह राज्य राज मंत्री नित्यानंद राय, स्थानीय सांसद शांभवी चौधरी भी मौजूद रहीं। वहीं, उपराष्ट्रपति के जाने के करीब आधा घंटा बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री के साथ बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी भी थे। पटना में ही 10 बजे उनका कार्यक्रम था, जिसकी वजह से उपराष्ट्रपति के आगमन के दौरान वह मौजूद नहीं थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब स्मृति भवन पहुंचे तो पहले से आयोजित सभी धर्म की प्रार्थना सभा के पास बैठे एक बुजुर्ग को पांव छूकर प्रणाम करते दिखे। उसके बाद वह वहां से तुरंत ही निकालकर चल गए। सीएम ने पुरोहित को पैर छूकर प्रणाम किया। धर्म सभा के पंडित रामानंद झा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे पास आए और हमसे आशीर्वाद लिए फिर पैर छूकर चल गए। कपूरी ठाकुर का पूरा जीवन जनता के लिए समर्पित रहा- उपराष्ट्रपति उपराष्ट्रपति ने करपुरीग्राम जिला स्मृति भवन में कपूरी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और धर्म प्रार्थना में शामिल हुए। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने अंग वस्त्र लेकर, पुस्तक वॉइस ऑफ द वॉइसलेस भेंट की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगदीप धनखड़ इसके बाद कपूरी फुलेश्वरी महाविद्यालय परिसर में आयोजित कपूरी परिचर्चा में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कपूरी ठाकुर का पूरा जीवन जनता के लिए समर्पित रहा। वो लोगों के लिए जननायक हैं। विधानसभा चुनाव में उनको कीर्तिमान प्राप्त है। हमारी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने अपना जीवन समाज के आसरे पर रहने वाले लोगों के लिए समर्पित किया।





**पीएम मोदी की तारीफ की**

आगे कहा कि आज तक बिहार में उतना विकास नहीं हुआ जितना विकास पिछले 10 सालों में हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम की तारीफ की। कहा कि आज विकसित भारत एक सपना नहीं है, ये निश्चित होगा। साल 2047 में भारत आजादी की शताब्दी मना रहा होगा तब वह विकसित राष्ट्र होगा। भारत विश्वगुरु होगा। मैं युवाओं से कहना चाहूंगा कि आज आपलोगों के लिए सकारात्मक वातावरण है। सरकारी योजनाएं, नीतियां आपके पक्ष में हैं। धन की कोई कमी नहीं है। युवा अपनी आकांक्षा को पूरी कर सकते हैं। दुनिया भारत की ओर ही देख रही है।रुद्राक्ष और चंदन के पेड़ लगाए

**उपराष्ट्रपति ने रुद्राक्ष और चंदन के पेड़ लगाए।**

साथ ही रामनाथ ठाकुर की पोती के कॉलेज कैंपस में बनवाई गई झोपड़ी का जायजा लिया, जिस तरह की झोपड़ी में कपूरी ठाकुर का पूरा जीवन व्यतीत हुआ था। इस झोपड़ी को कपूरी ठाकुर की याद में निर्माण कराया गया है।

**झोपड़ी कपूरी ठाकुर की स्मृतियों से जुड़ी**

बता दें कि इस जयंती समारोह को यादगार बनाने के लिए कपूरी ठाकुर की उस झोपड़ी को पुनः वैसा ही लुक दिया गया है, जैसी झोपड़ी में कपूरी ठाकुर ने अपना जीवन गुजारा था। झोपड़ी में वैसे ही खाट रखी गई है, जैसी खाट कपूरी ठाकुर सोया करते थे। झोपड़ी में सिलबट्टा, आटा पीसने वाला जातां, मिट्टी के चूल्हे बनाए गए हैं। जिस समय वह झोपड़ी में रहते थे बिजली की व्यवस्था उतनी अच्छी नहीं थी तो घर के अंदर रोशनी के लिए लालटेन के साथ ही ढिबरी भी रखी गई है।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना पहुंचने पर उनका स्वागत किया, जिसके बाद वह समस्तीपुर के लिए रवाना हो गए।

## संक्षिप्त डायरी

### चलो मां को इंजेक्शन लगाना है, फिर मारा चाकू



**दरभंगा।** के लहेरियासराय थाना क्षेत्र में इलाज कराने के नाम पर ले जाकर चाकू मारने और 5000 हजार रुपए छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित कंपाउंडर को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पीड़ित के परिजन ने पुलिस को इसकी जानकारी भी दी है, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना 22 जनवरी की बताई जा रही है। पीड़ित की पहचान बहादुरपुर थाना क्षेत्र के गनीपुर तरौनी के रहने वाले नुरे आलम के कंपाउंडर बेटे गौसी आलम के रूप में हुई है। गौसी आलम ने बताया कि 22 जनवरी को दिनदहाड़े दो अज्ञात लोगों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, दोनों युवकों ने मुझे फोन कर बुलाया था। फिर मैं जब उनके बताए जगह पर पहुंचा, तो वे मुझे बाइक पर बैठाकर ले जाने लगे। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने चाय पिलाने के बहाने रहमगंज में बाइक रोकी। इसके बाद मासूमनगर कब्रिस्तान के पास ले जाकर मोबाइल और जेब से 5000 रुपए कैश छीन लिया। जब उसने घटना का विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने उसके सीने पर चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि किसी तरह उसने खुद को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाया और घटना स्थल से भागकर घर पहुंचा और परिजन को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन घायल को लेकर डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। निजी क्लिनिक में कंपाउंडर है पीड़ित डीएमसीएच में इलाजरत पीड़ित ने बताया कि दो दिनों पहले अज्ञात युवक का फोन आया, कहा कि मेरी मां की तबीयत खराब है, चलिए इंजेक्शन लगाना है। गौसी आलम ने बताया कि मैं निजी क्लिनिक में कंपाउंडर हूं, मुझे लगा कि किसी ने पता बताया होगा, तो मैं सोचने लगा। पीड़ित गौसी ने बताया कि पहले तो मैं जाने को तैयार नहीं हो रहा था। फिर एक युवक ने कॉल कर कहा कि आप आ जाइए, आपको किला घाट से मैं रिसीव कर लूंगा। गौसी ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे मैं अपने गनीपुर तरौनी स्थित घर से पैदल ही किला घाट पहुंचा। वहां पहले से दो अज्ञात युवक मौजूद थे, जो मुझे बाइक पर बिठाकर सुई देने के लिए रामगंज की ओर चल दिए। इसी दौरान सुनसान रास्ते में वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के पिता नूरे आलम ने बताया कि फिलहाल वे अपने बेटे का इलाज डीएमसीएच में करवा रहे हैं।

### 20 साल बाद मिली लापता महिला



**मोतिहारी।** पुलिस ने 20 साल पुराने मामले को सुलझा लिया है। आदापुर थाना क्षेत्र की बरेया टोला निवासी हरेंद्र महतो की पत्नी गीता देवी, जो दो दशक पहले ट्रेन पकड़ने के दौरान लापता हो गई थी। उसे केरल से बरामद कर लिया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर आदापुर थाना अध्यक्ष धर्मबीर चौधरी ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। महिला की तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। इसके बाद केरल से सूचना मिली कि वहां एक महिला भीख मांगती दिखाई दे रही है, जो गीता देवी से मिलती-जुलती है। इस सूचना के आधार पर एसपी ने तत्काल एक टीम को केरल भेजा। टीम ने महिला की पहचान कर उसे सकुशल मोतिहारी लाया। बीस साल बाद अपने परिवार से मिलकर गीता देवी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार के सदस्यों ने मोतिहारी पुलिस, विशेषकर एसपी और आदापुर थाना अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि जिले के लोगों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस दिशा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### संदिग्ध स्थित में मिली नव विवाहिता की लाश

**सीतामढ़ी।** के सुरसंड में एक नव विवाहिता की संदिग्ध स्थित में मौत हो गई है। घटना सुरसंड थाना क्षेत्र के रजवाड़ा गांव वार्ड नंबर 11 की है। जहां शुक्रवार की सुबह उसके शव को बरामद किया गया। घटना के बाद मृतका के देवर ने ही फोन कर उसके मायके वालों को सूचना दी थी। जिसके बाद मायके वाले घटनास्थल पर पहुंचें और स्थानीय थाना पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। मृतका की पहचान रजवाड़ा गांव निवासी आकाश कुमार की पत्नी चांदनी कुमारी(20) के रूप में की गई हैं। बताया गया कि 7 महीने पहले आकाश और चांदनी की शादी हुई थी। दहेज के लिए की हत्या मृतका के पिता विनोद पासवान ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही दहेज में 2 लाख रुपए और बाइक मांग किया गया था। नहीं देने पर लड़की को प्रताड़ित करता था। इसी बीच आज सूचना मिली कि उसकी हत्या कर दी गई

# साढू ने भाई के साथ मिलकर की थी हत्या



**भागलपुर।** के अंतिचक थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में सास के सास श्रद्धा कर्म में शामिल होने आए उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले के छोटेलाल राजपूत (50) की मौत मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा किया है। रउढड वन ने शिवानंद सिंह ने बताया कि 21 जनवरी की अहले सुबह गांव से सटे पश्चिम बहिहार में मक्ई के खेत छोटेलाल का शव मिला था। पुलिस ने तीन चार लोगों को हिरासत में लिया था। पूछताछ और मृतक शख्स की पत्नी सोमवती देवी के आवेदन पर हत्या में शामिल साढू और सोमवती के पहले पति पन्नालाल शर्मा और उसके भाई प्रकाश शर्मा, पिता दामोदर दास शर्मा निवास नवगछिया को गिरफ्तार किया है।उन्होंने बताया कि छोटेलाल ने अपनी पहली पत्नी के पुत्र के साथ रात में बातचीत की थी। जिसमें मारपीट करने का जिक्र किया है। घटना में शामिल अन्य लोगों और अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। एसडीपीओ ने आगे बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में 48 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा किया गया है।

# तेलवा में सीएम के नहीं पहुंचने पर लोगों में आक्रोश

## सहरसा में लोगों ने बैनर-पोस्टर फाड़े, कहा- महीनों की तैयारी बेकार की

**सहरसा।** के महिषी प्रखंड स्थित तेलवा गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को लेकर महीनों से चल रही तैयारियां बेकार हो गईं। जिसके बाद मुख्यमंत्री के न पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने उनके बैनर फाड़कर विरोध जताया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना है। जिसमें स्थानीय आक्रोशित ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब नही आना तो तैयारियां क्यों करवाया। गांव को दुल्हन की तरह सजाया गया था और प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। 22 जनवरी की देर शाम तक सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के बैनर को फाड़कर किया हंगामा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों में मुख्यमंत्री को देखने का उत्साह था, लेकिन वे गांव के बगल से ही लौट गए। जब उन्हें पता चला कि सीएम का दौरा रद्द हो गया है। बता दे कि सीएम नीतीश कुमार 23 जनवरी को महिषी प्रखंड के तेलवा गांव पहुँचने वाले थे। लेकिन अचानक सीएम का कार्यक्रम रद्द किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने एकत्र होकर मुख्यमंत्री के बैनर को फाड़ दिया और जमकर हंगामा किया। वायरल हो रहे वीडियो में लोग कह रहे हैं कि अगर आना ही नहीं था तो इतने दिनों से इंतजार क्यों कराया गया। मुख्यमंत्री के न आने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि ठंड की वजह से कार्यक्रम रद्द किया गया। जबकि मुख्यमंत्री के दौर को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों के लिए कई दिनों से सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। स्थानीय प्रशासन ने पूरी तैयारी की थी और लाउडस्पीकर से की जा रही घोषणाओं को सुनकर लोग उत्साह से कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहे थे। ग्रामीणों का गुस्सा इस बात को लेकर भी था कि उन्हें पहले से कोई सूचना नहीं दी गई और अंतिम समय में कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।



# कैमूर में भाजपा को मिला नया जिला अध्यक्ष

## कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे ओमप्रकाश पांडे, मिली बड़ी जिम्मेदारी

**कैमूर।** में भाजपा को नया जिला अध्यक्ष मिल गया है। भभुआ स्थित एक निजी होटल में आयोजित भाजपा कार्यकताओं की बैठक में ओमप्रकाश पांडे को नया जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह, मोहनिया विधायक संगीता कुमारी और दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया मौजूद थे। ओम प्रकाश पांडे 7 साल पहले कांग्रेस में महामंत्री के पद पर कार्यरत थे। जहां 7 साल से बीजेपी में महामंत्री के पद पर काम कर चुके हैं। पार्टी के प्रति उनके लगन को देखते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष बनाया गया है।ओमप्रकाश पांडे चार साल पहले कांग्रेस में थे महामंत्री दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने मंच से ओमप्रकाश पांडे के नाम की घोषणा की, जिसका सभी कार्यकताओं ने खड़े होकर और तालियां बजाकर स्वागत किया। ओमप्रकाश पांडे चार साल पहले तक कांग्रेस में महामंत्री के पद पर थे। भाजपा में आने के बाद वे प्रदेश महामंत्री और जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे। इससे पहले दो कार्यकाल तक मनोज जायसवाल जिला अध्यक्ष थे।डॉ. चौरसिया ने बताया कि ओमप्रकाश पांडे की कर्तव्यनिष्ठा और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है और पांडे पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।



# डबल डेकर पुल निर्माण के दौरान हादसा

**छपरा।** में डबल डेकर पुल निर्माण के दौरान देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। नगरपालिका चौक पर निमार्णाधीन पुल पर लगी क्रेन का डक पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी पर गिर गई। इससे तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घटना रात के करीब एक बजे की है। जब सुपर पेट्रोलिंग टीम के बजनार्दन सिंह, मनोज सिंह और अनिल कुमार पांडे गश्ती पर थे। हादसे में पुलिस की बोलेरो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सीटी स्कैन समेत अन्य जरूरी जांच की गई। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को छुट्टी दे दी गई। एसपी कुमार आशीष ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यह उल्लेखनीय है कि छपरा शहरी क्षेत्र में भारत के सबसे लंबे डबल डेकर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है।

पुलिस ने निर्माण कंपनी की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।



# नाबालिग ने खुद के अपहरण की रची थी साजिश



**भागलपुर।** झंडापुर इलाके के नाबालिग का अपहरण नहीं हुआ था। उसने खुद अपने पिता से पैसे ऐंठने के लिए दोस्तों के साथ मिलकर अपनी अपहरण की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने गुरुवार को नाबालिग को नवगछिया रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया, तो उसकी पोल खुल गई। नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस ने 8 घंटे के अंदर मामले का खुलासा कर दिया। झंडापुर थाना पुलिस को किशोर के पिता ने बीते बुधवार को सूचना दी थी कि उसके 17 साल के बेटे का अपहरण कॉलेज से लौटने के क्रम में अपराधियों ने कर लिया है और 4 लाख रुपए की फिरौती मांग रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए रउढड ओम प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में बिहपुर सर्किल इंस्पेक्टर, झंडापुर थाना अध्यक्ष, तकनीकी टीम के पदाधिकारी और जवानों को शामिल किया गया।तीनों नाबालिग इंटर के हैं छात्र पकड़े गए तीनों नाबालिग इंटर के छात्र हैं। एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वो कारोबार करना चाहता था। इसके लिए 4 लाख रुपए की जरूरत थी। इस कारण उसने अपने साथियों के साथ मिलकर खुद के अपहरण की कहानी रची थी। इसके बाद साथियों से अपने मोबाइल से पिता को फोन करवाया और 4 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। एसपी ने बताया कि गठित विशेष टीम ने नाबालिग और उसके दो दोस्तों को कटिहार से नवगछिया आने के दौरान बरामद कर लिया।

# औरंगाबाद में भोजपुरी कलाकारों ने बांधा समां

## भगवान राम के नारे से गूंजा रफीगंज, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने पर आयोजन





**औरंगाबाद।** के रफीगंज शहर के थाना गली में श्री राम राज्य संघ ने राम मंदिर अयोध्या में रामलला मंदिर निर्माण होने के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार की रात भक्ति संगीत एवं जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान भोजपुरी के कलाकारों ने गाने गाए। कार्यक्रम का उद्घाटन ओबरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह लोजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्रा, दाउदनगर पूर्व प्रमुख संजय कुमार सोम, शंकर शौंडिक सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। अंग वस्त्र देकर कमेटी के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। युवाओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।आचरण भगवान राम के जैसा होना चाहिए- डॉ प्रकाश चंद्रा डॉक्टर प्रकाश चंद्र ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के एक साल पूरे होने पर रामराज्य संघ ने भव्य जागरण का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि रफीगंज की आज की युवा पीढ़ी श्री राम में रुचि रखती है। बताया कि राम हमारे दिल में तब बसेंगे जब हम अपने माता-पिता का, गुरुजनों का, बड़े भाइयों का आदर सम्मान करेंगे। महिलाओं की और बहनों को इज्जत देंगे। आपका आचरण भगवान राम के जैसा होना चाहिए। आज 2 इंच जमीन के लिए आपस में लड़ जाते हैं भाई वर्तमान समय के परिवेश में भाई-भाई आपस में दो-दो इंच की जमीन के लिए लड़ाई कर लेते हैं। हम लोग को भगवान राम और भरत से सीख लेने की जरूरत है। क्योंकि भगवान राम के वनवास के बाद भी भरत अपने बड़े भाई को खोजते खोजते वनवास चले गए थे। भगवान राम के वनवास चले जाने के बाद भरत को राजगद्दी मिली लेकिन भरत ने कभी राजगद्दी का धारण नहीं किया। आज के प्रवेश में भगवान राम और भरत से सीख लेने की जरूरत है। सभी को भगवान राम एवं भरत की जैसे भाई-भाई में प्रेम होना चाहिए।''राम का मतलब होता है'' त्याग, तप, संस्कार, दूसरों को दिए जाने वाला सम्मान, राम का मतलब होता है, जो जाती पाती से बढ़कर कम करें। लोगों की दुख की घड़ी में जो साथ देता है, उसे हमेशा याद करना चाहिए। स्थानीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी गायक अंकित सिंह चंद्रवंशी, शत्रुघ्न लाल यादव, ममता सिंह, गुड्डू सुमन, प्रणव बिहारी सहित अन्य गायकों ने भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक कलाकारों ने भक्ति गीत गाया। इस दौरान पूरा शहर भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम में ये रहे शामिल इस मौके पर व्यवसायिक विकास कुमार शौंडिक, शंकर शौंडिक, नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारु, भाजपा नेता मयंक कुमार, अतुल मिश्रा, युवराज शौंडिक, जतिन विश्वकर्मा, दीक्षित मिश्रा, विकास मिश्रा, यीशु गुप्ता, रितिक कुमार, उत्तम मिश्रा, सूरज कुमार अमन विश्वकर्मा युवराज गुप्ता राहुल विश्वकर्मा नीतीश शौंडिक, रंजन शौंडिक,प्रिंस सिंह, ऋतिक शौंडिक, रोहन गुप्ता, धनराज विश्वकर्मा सहित अन्य लोग रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.47 पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी के बीच बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 86.47 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों और कच्चे तेल की कम कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन दिया।

### अल्ट्राटेक सीमेंट का लाभ घटकर 1,473.51 करोड़



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर घटकर 1,473.51 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध मुनाफा 1,774.78 करोड़ रुपये रहा था।

### सीसीपीए ने एप्पल को जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर 'अपडेट' के बाद आईफोन के प्रदर्शन में कथित समस्याओं के संबंध में एप्पल इंक को नोटिस जारी किया है। जोशी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी।

### कृषि खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में रही नरम



**नई दिल्ली।** कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में घटकर क्रमशः 5.01 प्रतिशत और 5.05 प्रतिशत रही। यह नवंबर में क्रमशः 5.35 प्रतिशत और 5.47 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार, कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दिसंबर 2024 में क्रमशः 1,320 और 1,331 अंक पर अपरिवर्तित रहे।

### जापान का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर, व्यापार घाटे में कमी



**टोक्यो।** जापान ने 2024 में रिकॉर्ड उच्च निर्यात दर्ज किया और वार्षिक व्यापार घाटे में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की कमी आई। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, व्यापार घाटा (निर्यात व आयात के बीच का अंतर) कुल 5300 अरब येन (34 अरब षडॉलर) रहा।

### स्टैलियन इंडिया का शेयर 33% उछलकर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से 33 प्रतिशत उछाल के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई तथा एनएसई पर शेयर की शुरुआत 120 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 33.33 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन बीएसई पर 999.42 करोड़ रुपये और एनएसई पर 999.50 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत सोमवार को 188.38 गुना अभिदान मिला था।

# खपत बढ़ाने बजट में आयकर में 'असरदार' कटौती की जरूरत

नई दिल्ली

वित्तीय सेवा प्रदाता बार्कलेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में सरकार को खपत और मांग को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर में 'असरदार' कटौती की घोषणा करनी चाहिए।

बार्कलेज ने एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले कहा कि इस बजट से मुख्य मांग राजकोषीय मजबूती की राह पर चलने के साथ आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने की है। बार्कलेज की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) आस्था गुडवानी ने एक बयान में कहा कि उपभोग को समर्थन देने के प्रयास में वित्त मंत्री को कर स्लैब में बदलाव कर व्यक्तिगत आयकर दर में 'असरदार' कटौती करनी चाहिए।

## रेटिंग एजेंसी बार्कलेज ने बजट पर दिया सुझाव, कर स्लैब में बदलाव कर व्यक्तिगत आयकर दर में कटौती करनी चाहिए

### राजकोषीय लागत ज्यादा बढ़ने की आशंका

ऐसा करने से राजकोषीय लागत ज्यादा बढ़ने की आशंका नहीं है। गुडवानी ने कहा, /"इस घोषणा के तहत कर में उछाल से राजस्व में आई कमी की भरपाई हो जाएगी। हमें लगता है कि खपत को बढ़ावा देने की जरूरत है, खासकर निजी निवेश के साथ जो अब मांग में वृद्धि का इंतजार कर रहा है।




### नई कर व्यवस्था में बदलाव संभव

बार्कलेज को उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई कर व्यवस्था के प्रावधानों में बदलावों का ऐलान करेंगी जिससे यह अधिक करदाताओं के लिए आकर्षक बन जाएगी। पिछले बजट में सरकार ने नई कर व्यवस्था के तहत वेतनभोगी करदाताओं के लिए मानक कटौती को बढ़ाकर 75,000 रुपये और पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया था, जो करों की कम दर प्रदान करता है।

### खुदरा कीमतें 2022 से स्थिर

बार्कलेज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रित करते हुए खर्च-योग्य आय और क्रय शक्ति को बढ़ावा देने का एक और संभावित विकल्प ईंधन के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती हो सकता है। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में कमी के बावजूद ईंधन की खुदरा कीमतें 2022 से ही लगभग स्थिर बनी हुई हैं।

## पूर्व आरबीआई गवर्नर ने रुपए में गिरावट के लिए डॉलर को जिम्मेदार ठहराया

# डॉलर मजबूत होने से रुपए में गिरावट, आरबीआई के हस्तक्षेप से निर्यात को हो सकता नुकसान

दावोस

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारतीय रुपये में गिरावट के लिए पूरी तरह से अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इसमें आरबीआई का कोई भी हस्तक्षेप भारतीय निर्यात को नुकसान पहुंचा सकता है। राजन ने साथ ही नीति निर्माताओं से अधिक नौकरियों के सृजन और घरेलू उपभोग को बढ़ावा देने पर ध्यान देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के वैश्विक तथा भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में क्या मायने होंगे, राजन ने कहा, मुझे लगता है कि इसका मतलब अनिश्चितता है।



## आरबीआई को कोई भी हस्तक्षेप निर्यात को नुकसान पहुंचा सकता है

### ट्रंप की शुल्क घोषणा डाल रही असर

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अभियान के दौरान कई नीतियों और उपायों की रूपरेखा तैयार की थी, जिन्हें वह लागू करना चाहते हैं। अमेरिकी डॉलर में वृद्धि और अन्य मुद्राओं खासकर रुपये सहित उभरते बाजारों पर इसके प्रभाव के बारे में राजन ने कहा कि डॉलर अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत हो रहा है, जिसकी आंशिक वजह ट्रंप के संभावित शुल्क की घोषणा है।



### अमेरिका को कम आयात करना होगा

भारतीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, " यदि वह शुल्क लगाते हैं, तो इससे अन्य देशों से अमेरिका का आयात कम हो जाएगा तथा चालू खाता घाटा और व्यापार घाटा कम हो जाएगा।

### अमेरिका निवेश के लिए आकर्षक बन रहा

राजन ने कहा, " एक समझ यह भी है कि अमेरिका निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनता जा रहा है, क्योंकि जो लोग अमेरिका को निर्यात नहीं कर सकते, वे अपना उत्पादन अमेरिका में करेंगे। साथ ही, आप देख रहे हैं कि अमेरिका में अधिक पूंजी आ रही है और यह बहुत बड़ी बात है। इससे शेयर बाजार में तेजी आएगी और डॉलर भी मजबूत होगा।"

### रुपए को सभी मुद्राओं के मुकाबले मजबूत करना होगा

अगर वह रुपये को मजबूत करने की कोशिश करता है तो यह उसके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। यदि डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूत करने की कोशिश करता है तो वह अनिवार्य रूप से अन्य सभी मुद्राओं के मुकाबले उसे मजबूत करेगा तथा इससे हमारे निर्यातकों के लिए और अधिक मुश्किल हो जाएगी।"

### सभी मुद्राएं कमजोर हो रही

पूर्व गवर्नर ने कहा कि ये सभी कारक, साथ ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि, डॉलर को मजबूत बना रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय रिजर्व बैंक रुपये में हो रही गिरावट को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकता, राजन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आरबीआई को कुछ करना चाहिए, क्योंकि अन्य सभी मुद्राएं अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रही हैं।

### हस्तक्षेप बहुत अधिक अस्थिरता पर

राजन ने कहा, " इसलिए, मैं इस बारे में सावधान रहूंगा। मैं केवल तभी हस्तक्षेप करूंगा जब रुपये में गिरावट वास्तव में अचानक आए और बहुत अधिक अस्थिरता उत्पन्न करे। किसी भी हस्तक्षेप के पीछे आरबीआई का हमेशा यही उद्देश्य रहा है कि अस्थिरता को कम किया जाए, न कि रुपये के स्तर को बदलने का प्रयास किया जाए।"

### अन्य देश अमेरिका में निवेश करेंगे

यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका के अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बनने से किसी अन्य देश या भारत पर कोई असर होगा, राजन ने कहा, " शुल्क लगाने के पीछे की वजह उत्पादन को पुनः स्थापित करना है, ताकि इसका अन्य देशों के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर प्रभाव पड़े।" उन्होंने कहा कि इससे लोग अन्य देशों में निवेश करने की बजाय अमेरिका में निवेश करेंगे।

# सैमसंग नोएडा संयंत्र में गैलेक्सी एस 25 स्मार्टफोन बनाएगी




सैन जोस (अमेरिका)

सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे. बी. पार्क ने कहा कि कंपनी अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एस25 का विनिर्माण नोएडा स्थित अपने संयंत्र में करेगी। सैमसंग ने गैलेक्सी एस25 को बुधवार को पेश किया था। कंपनी के अनुसार, सैमसंग के बेंगलुरु स्थित अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने गैलेक्सी एआई की एस25 श्रृंखला को विकसित करने में ''महत्वपूर्ण योगदान'' दिया है। दक्षिण कोरिया के बाहर कंपनी का यह सबसे बड़ा आरएंडडी केंद्र है। नए फोन के तीन संस्करण गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 हैं। यह सैमसंग को भारतीय बाजार में 800 अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन खंड में अपनी स्थिति मजबूत करने में भी मदद करेगा।

- कपनी ने गैलेक्सी एस25 को बाजार में किया पेश

### कीमत 80,999 रुपए से शुरू

गैलेक्सी एस25 की कीमत 12 जीबी रैम और 250 जीबी स्टोरेज के लिए 80,999 रुपये से शुरू होती है। गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा के लिए 1.65 लाख रुपये तक जाती है। एस25+ की कीमत 256 जीबी और 512 जीबी स्टोरेज के लिए 99,999 रुपये और 1,11,999 रुपये है।

# अमेजन कनाडा में बंद कर रहा गोदाम, 1700 नौकरियां होंगी खत्म

नई दिल्ली

ऑनलाइन रिटेलर अमेजन की ओर से एक बड़ा फैसला लिया गया है। अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि वो आने वाले दो महीने में कनाडा के क्यूबेक में अपने गोदामों को बंद कर देगा। अमेजन के क्यूबेक में कुल सात गोदाम हैं और अमेजन इन सभी गोदाम को बंद करेगा। ई-कॉमर्स की ओर से कहा गया कि इस फैसले के बाद लंबे समय तक हमारे कस्टमर्स की बचत होने वाली है। हालांकि, कनाडाई संघ ने कंपनी पर क्षेत्र में की गई कोशिशों को रोकने की वजह से अपनी साइटों को बंद करने का आरोप लगाया। कनाडाई संघ ने कहा कि उन्होंने सफलतापूर्वक एक गोदाम को संघबद्ध किया है। अमेजन के मुताबिक, इस फैसले के बाद ग्रेटर मॉन्ट्रियल क्षेत्र में लगभग 1,700 लोगों की नौकरियां खत्म हो जाएंगी। मौजूदा समय में वहां पर 250 कर्मचारी ऐसे हैं, जो अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं।

## कनाडा के क्यूबेक स्थित गोदामों को बंद कर देगा




### 14 हफ्ते का वेतन दिया जाएगा

इस पैकेज में सुविधाओं के बंद होने के बाद 14 हफ्ते तक का वेतन दिया जाएगा। साथ ही नौकरी प्लेसमेंट संसाधनों जैसे लाभ को भी इसमें शामिल किया गया है। एग्रेट ने कहा कि यहां पर कंपनी के संचालन की समीक्षा की गई, जिसके बाद इसे बंद करने का फैसला लिया गया।

### प्रभावित कर्मचारियों को दिया था पैकेज

अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि पैकेज को बांटने के लिए स्थानीय और तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियुक्त करेगा। अमेजन की ओर से 2020 से पहले क्यूबेक में जिस बिजनेस मॉडल को फॉलो किया गया था, वो उसे फिर से इस्तेमाल करेगा। अमेजन प्रवक्ता बारबरा एग्रेट के मुताबिक, ये फैसला यूं ही नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि इस फैसले के बाद प्रभावित कर्मचारियों को एक पैकेज दिया जाएगा।

### कनाडा ने बातचीत के लिए किया था संपर्क

अमेजन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, बंद की जाने वाली साइटों में एक फुलफिलमेंट सेंटर, दो शॉर्टिंग सेंटर, तीन डिलीवरी स्टेशन और एक फेसिलिटी शामिल हैं। इसे अमेजन एएमएक्सएल कहता है। ये टीवी और फर्नीचर जैसे बड़े सामानों की शिपमेंट में मदद करता है। कनाडा की नई तकनीकि, विज्ञान और उद्योग मंत्री, फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि उन्होंने कनाडा में अमेजन के संचालन के प्रमुख से अपनी आपत्तियों को बताने और उस पर चर्चा करने के लिए संपर्क किया था।

# आईटी शेयरों के दम पर बाजार में दूसरे दिन तेजी

मुंबई

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), टिकाऊ उपभोक्ता और जिंस शेयरों में खरीदारी आने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। संसेक्स 115 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 50 अंकों की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निवेशकों ने चुनिंदा खंडों को लेकर भरोसा दिखाया। हालांकि बैंकों के शेयरों में बिकवाली का दबाव दिखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 115.39 अंक बढ़कर 76,520.38 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 50 अंक यानी 0.22 प्रतिशत बढ़कर 23,205.35 पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। जियोजत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"बाजार में अमेरिकी सरकार के फैसलों से वैश्विक व्यापार प्रभावित होने, मुद्रास्फीति तेज होने और मुद्राओं में उतार-चढ़ाव की अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि आगामी बजट से जुड़ी उम्मीदों ने गिरावट के रुझान को थामने का काम किया है।

## सेंसेक्स में 115 और निफ्टी में 50 अंक की तेजी

### अल्ट्राटेक सीमेंट में रही तेजी

बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल, जोमैटो, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही।



### रिलायंस में रहा नुकसान

इसके उलट, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक में गिरावट दर्ज की गई।

# इरेडा क्यूआईपी के जरिए 5,000 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरेडा के निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला इरेडा ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह निर्णय बृहस्पतिवार को निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने एक या एक से अधिक किस्तों में धन जुटाने को मंजूरी दे दी है। लेकिन यह भी कहा है कि सरकार की हिस्सेदारी कंपनी के कुल 'इक्विटी शेयर' पूंजी में सात प्रतिशत से ज्यादा नहीं घटनी चाहिए।

## कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कम करेगी

# मारुति एक फरवरी से वाहनों के दाम 32,500 रुपए तक बढ़ाएगी



नई दिल्ली

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) एक फरवरी से अपने विभिन्न मॉडल के दाम 32,500 रुपये तक बढ़ाएगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इससे कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कुछ हद तक कम कम करने में मदद मिलेगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के कारण कंपनी एक फरवरी, 2025 से कार की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है।" कंपनी ने कहा, "हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम बनाने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर भी हम बढ़े हुए खर्चों का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने के लिए मजबूर हैं।" संशोधित कीमतों के तहत कंपनी की कॉम्पैक्ट कार सेलेरियो की शोरूम कीमत 32,500 रुपये तक बढ़ जाएगी, जबकि प्रीमियम मॉडल इनविक्टो की कीमत में 30,000 रुपये तक की वृद्धि होगी। कंपनी के लोकप्रिय मॉडल वैगन-आर की कीमत 15,000 रुपये जबकि स्विफ्ट की कीमत 5,000 रुपये तक बढ़ जाएगी।

- स्विफ्ट की कीमत 5,000 रुपए तक बढ़ जाएगी

### बेलेनो की कीमत 9000 रुपए तक बढ़ेगी

प्रीमियम कॉम्पैक्ट मॉडल बलेनो की कीमत 9,000 रुपये तक, कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रोंक्स की कीमत 5,500 रुपये तक और कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर की कीमत 10,000 रुपये तक बढ़ जाएगी। कंपनी फिलहाल शुरुआती स्तर की ऑल्टो के-10 (शुरुआती कीमत 3.99 लाख रुपये) से लेकर 28.92 लाख रुपये की इनविक्टो तक विभिन्न प्रकार के वाहन बेचती है।

## चांदी 500 रुपए टूटकर 93,500 रुपए प्रति किलो ग्राम

# सोना 82,900 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली

सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 170 रुपये बढ़कर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को सोना 82,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। सोने का भाव करीब एक साल में 20,180 रुपये यानी 32.17 प्रतिशत बढ़कर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 23 फरवरी, 2024 को यह 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम था। लगातार सातवें सत्र में बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 170 रुपये बढ़कर 82,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### सात कारोबारी सत्र से सोने में तेजी

पिछले कारोबारी सत्र में यह 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। पिछले सात कारोबारी सत्रों में 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में 2,320-2,320 रुपये की तेजी आई है। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये घटकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बुधवार को यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर था।



### डॉलर व बांड पर प्रतिफल से कीमतें सुधरी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "अमेरिकी डॉलर और बांड प्रतिफल में सुधार के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें स्थिर से नकारात्मक स्तर पर रहीं।"

### आभूषण व खुदरा विक्रेताओं की मांग मजबूत

सराफा व्यापारियों ने कहा कि बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी का कारण आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख है। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 13.20 डॉलर प्रति औंस घटकर 2,757.70 डॉलर प्रति औंस रहा।

### ट्रंप की टिप्पणी से सराफा को गति मिली

ऑगमोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी के अनुसार, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है...। शुल्क दर पर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से तेजी की गति बढ़ रही है। एशियाई बाजार में चांदी कॉमेक्स वायदा 1.03 प्रतिशत गिरकर 31.10 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले टी20 में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी से जीत हासिल की थी। इससे वह पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। अब अभिषेक इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं इस मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अवसर मिलना भी तय माना जा रहा है। शमी पहले मैच में शामिल नहीं किये गये थे। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी हालांकि यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। शमी को अंतिम ग्यारह में जगह मिली तो स्पिनर रवि बिश्नोई को आराम दिया जा सकता है। बिश्नोई ने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 4 ओवर फेंके थे. इस दौरान 22 रन दिए थे. लेकिन एक भी विकेट नहीं ले पाए थे.

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी पर चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक सहायता मिलने की संभावना है। ऐसे हालातों में वरुण चक्रवर्ती के अलावा उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को भी अंतिम ग्याहर में जगह मिलन तय माना जा रहा है। दूसरी ओर इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे।

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और इस बार भी दोनों एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने के इरादे से उतरेंगे। सैमसन पहले मैच में लंबी पारी नहीं खेल पाए थे पर अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रनों की आक्रामक पारी खेल थी। सैमसन का लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलाव नितीश रेड्डी और तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।



दूसरी ओर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि उनकी टीम को सीरीज में वापसी करने के लिए आक्रामक खेल खेलते हुए भारतीयच टीम पर दबाव बनाये रखना होगा। ब्रूक ने दूसरे टी20 से पहले कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो कोच ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। वहीं कप्तान जोस बटलर ने इससे पहले कहा था कि उनकी टीम को भारतीय हालातों में स्पिनरों का सामना करने के लिए नये तरीके तलाशने होंगे। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारतीय टीम पांच मैच की सीरीज में अभी 1-0 से आगे चल रही है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे



**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए।

जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।' जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला।

# रणजी ट्रॉफी : रवींद्र जडेजा का कहर, सौराष्ट्र ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया



**राजकोट (एजेंसी)।** रवींद्र जडेजा कुल (12 विकेट) की घतक गेंदबाजी और हार्विक देसाई (93) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मुकाबले में दूसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली को 10 विकेट से हराया। सौराष्ट्र ने कल के पांच विकेट पर 163 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। प्रेरक मांकड़ (19) छठे विकेट के रूप में आज आउट होने वाले सौराष्ट्र के पहले बल्लेबाज थे। इसके बाद समर गज्जर (11), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (शून्य), जयदेव उनादकट (छह) और आखिरी विकेट के रूप में अर्पित वसावड़ा (62) रन बनाकर आउट हुए।

सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 271 रनों का स्कोर बनाते हुए पहली पारी के आधार पर 83 रनों की बढ़त बनाई। दिल्ली के लिए हर्ष त्यागी ने चार विकेट लिए। आयुष बढोनी को तीन विकेट मिले। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को एक बार फिर रवींद्र जडेजा के कहर का सामना करना पड़ा। सौराष्ट्र के गेंदबाजी आक्रमण के दिल्ली की पूरी टीम 25.2 ओवर में 94 रन पर सिमट गई। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बदोनी सर्वाधिक (44) रनों की पारी खेली। ऋषभ पंत (17) और अर्पित राणा (12) रन बनाकर आउट हुए।

सौराष्ट्र की ओर से रवींद्र जडेजा ने 38 रन देकर 7 विकेट लिए। धर्मेंद्रसिंह जडेजा को दो विकेट मिले। युवराजसिंह डोडिया ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सौराष्ट्र को जीत के लिए 11 रनों का लक्ष्य मिला। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 3.1 ओवर में 15 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। दिल्ली ने पहली पारी में 55 रन बनाए थे।

# बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने साल की शानदार शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चार मैच में 19 विकेट चटकाए जिसमें विशाखापत्तम में मैच में नौ विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ स्वदेश में दो मैच में 11 विकेट हासिल किए।



बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर सिर्फ तीन विकेट चटका पाए और भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने स्वयं को शीर्ष टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया और 2024 में भारतीय बल्लेबाजों के बीच शानदार प्रदर्शन किया।

दक्षिण अफ्रीका में चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 712 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक जड़ते हुए दबदबा बनाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारत को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जायसवाल ने पर्थ में पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। वह 391 रन के साथ श्रृंखला में भारत के शीर्ष स्कोरर रहे। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए। रूट को भी आईसीसी की ऑल स्टार टीम में जगह मिली है।

विलियमसन ने भी 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59.58 के शानदार औसत से 1013 रन बनाए जिससे वह साल में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में छठे स्थान पर रहे। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस ने भी 74.92 के बेहद शानदार औसत के साथ 2024 में 1049 रन बनाते हुए टीम में जगह बनाई। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ श्रृंखला जीती। उन्होंने 2024 में 24.02 के औसत से 37 विकेट चटकाने के अलावा 23.53 के औसत से 306 रन भी बनाए।

**आईसीसी की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम:** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड गैडेकी-पीयर्स ने जीता मिश्रित युगल खिताब

मेलबर्न। वाइल्ड कार्ड जोड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता। उन्होंने हमवतन किम्बर्ली बिरेल और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड ने रॉड लेवर एरिना में रोमांचित प्रशंसकों के सामने एक घंटे और 24 मिनट में हमवतन बिरेल और स्मिथ पर 3-6, 6-4 (10-6) से वापसी की। गैडेकी और पीयर्स को ग्रैंड स्लैम चैंपियन लेस्ली बोरे और बिल बोरे ने ट्रॉफी प्रदान की, और यह जीत पीयर्स के लिए दूसरा ऑस्ट्रेलियाई खिताब है, जिन्होंने 2017 में हेनरी कोंटिनेन के साथ पुरुष युगल खिताब जीता था। 36 वर्षीय पीयर्स, जिन्होंने मैथ्यू एबडेन के साथ पेरिस में ओलंपिक युगल स्वर्ण जीता था, ने स्टॉर्म सैंडर्स के साथ 2022 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब और हेनरी कोंटिनेन के साथ 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब भी जीता। गैडेकी के लिए, मेलबर्न ट्रॉफी किसी प्रमुख टूर्नामेंट में उनकी पहली ट्रॉफी है।22 वर्षीय गैडेकी और 36 वर्षीय पीयर्स ने 25 विजयी मुकाबलों में जीत हासिल की और 2013 के बाद से पहले ऑल-ऑस्ट्रेलियाई मिश्रित युगल ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन बन गए, जब मैट एबडेन और जर्मिला गजदोसोवा ने ताज उठाया था। टूर्नामेंट के आंकड़ों के अनुसार, वे ओपन युग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली चौथी ऑल-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी भी हैं, इससे पहले 2005 में एबडेन और गजदोसोवा, स्कॉट ड्रेपर और सामंथा स्टोसुर और 1992 में मार्क वुडफोर्ड और निकोल प्रोविस ने यह उपलब्धि हासिल की थी।



# अब ईशान किशन खोलेंगे क्रिकेट एकेडमी



पटना। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाल ईशान किशन भी अब क्रिकेट एकेडमी खोलने जा रहे हैं। ईशान से पहले इरफान और यूसुफ पठान के अलावा आकाशदीप सिंह ने भी अपनी क्रिकेट एकेडमी खोली थी। ईशान के एकेडमी खोलने से बिहार के क्रिकेट प्रेमी युवाओं को लाभ होगा। इससे उन्हें भारतीय टीम में रहे खिलाड़ियों की देखरेख में क्रिकेट सीखने का मौका मिलेगा। ईशान की एकेडमी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि फरवरी महीने में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। ईशान ने अपनी एकेडमी का नाम द ईशान किशन एकेडमी रखा है। यह राजधानी पटना के एनर्जी पार्क के पास बन रही है। अनुमान है कि 15 फरवरी से पहले इसका उद्घाटन खुद ईशान करेंगे। फिलहाल एकेडमी में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। एकेडमी में चार सीमेंटेड पिच और चार टर्फ एरिया बनाए जा रहे हैं। अभी इनमें कुछ बदलाव हो सकते हैं। इसके अलावा, ऊर्जा स्टेडियम की पिच का उपयोग भी प्रैक्टिस और मैच के लिए किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को छह रन से हराया

**कैनबरा, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच एशेज का आयोजन किया जा रहा है। जहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दो मैच रहते महिला एशेज के खिताब को अपने नाम कर लिया है। पुरुषों और महिलाओं के एशेज में काफी ज्यादा अंतर होता है। जहां पुरुषों के बीच एशेज के लिए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। वहीं महिला एशेज के लिए तीन वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेला जाता है। वनडे और टी20 मैच जीतने पर दो अंक और टेस्ट मैच जीतने पर चार अंक मिलते हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने अंकों के आधार पर खिताब अपने नाम कर लिया है।

ऑस्ट्रेलिया ने कैनबरा के मनुका ओवल में दूसरे टी20ढ्ढ में इंग्लैंड को छह रन (छ्रस्र) से हराकर महिला एशेज 2025 पर कब्जा कर लिया। एलिसा हीली की कप्तानी में मेजबान टीम ने वनडे सीरीज में इंग्लैंड को धूल चटाते हुए 3-0 से सीरीज जीत ली। ञ्20ढ्ढ में कुछ भी नहीं बदला क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में पहले मैच में आरामदायक जीत हासिल की, उसके बाद सीरीज के दूसरे गेम में भी शानदार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस मुकाबले को 6 रन जीता।



दोनों टीमों के बीच खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले के बारे में बात करें तो, इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीता और उन्होंने कीपर-बल्लेबाज बेथ मूनी अच्छी लय में दिखीं, लेकिन 31 वर्षीय खिलाड़ी 31 गेंदों पर 44 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान ताहलिया मैकग्राथ और ग्रेस हैरिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 71 रनों की शानदार साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया को 185 रन बनाने में मदद की। मैकग्राथ ने 35 गेंदों पर नाबाद 48 रन बनाए जबकि हैरिस ने 17 गेंदों पर 35* रन बनाए। मेहमान टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की, मैया बाउचियर और डेनी वायट-हॉज ने 46 रन की ओपनिंग साझेदारी की। बाउचियर के जाने के बाद वायट-हॉज ने पारी को संभाला और 40 गेंदों पर 52 रन बनाए। हीथर नाइट इस मुकाबले में काफी शानदार फॉर्म में दिखी। वह 19 गेंदों पर 43 रन बनाकर खेल रही थी। तब ही बारिश ने मैच में खलल डाला और मैच को रोक दिया गया। उस वक्त इंग्लैंड को जीते कि लिए 5 गेंदों पर 16 रनों की जरूरत थी, लेकिन बारिश के कारण मैच फिर से शुरू नहीं हो सका और इंग्लैंड को यह मैच डीएलएस के नियमों के अनुसार 6 रनों से गंवाना पड़ा।

# चिराग-सात्विक, लक्ष्य की हार के साथ भारत का इंडोनेशिया मास्टर्स में अभियान समाप्त

जकार्ता, । चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और लक्ष्य सेन को गुरुवार को दूसरे दौर में मिली हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। इस मैच में मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 50 मिनट तक चले मुकाबले में चिराग-सात्विक को थाईलैंड की जोड़ी ने 22-20, 23-21 से हराया। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में तीन और दूसरे गेम में दो गेम प्वाइंट गंवा दिए। दुनिया के 10वें नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के मैच में एक घंटे और 13 मिनट तक संघर्ष करने के बाद हार कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 15वें स्थान पर मौजूद केंटा निशिमोटो ने पहला गेम जीता, जबकि लक्ष्य सेन ने दूसरा गेम जीतने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। लक्ष्य सेन ने एक मैच प्वाइंट बचाकर निर्णायक गेम को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन केंटा निशिमोटो ने धैर्य बनाए रखते हुए मुकाबले को अपने नाम करने के लिए शानदार वापसी की और मैच को 21-16, 12-21, 23-21 से जीत लिया। लक्ष्य सेन का केंटा निशिमोटो के साथ यह पांचवां मुकाबला था और इस हार के बावजूद, भारतीय शटलर वर्तमान में उनसे हेड-टू-हेड मुकाबले में 3-2 से आगे हैं। राउंड 2 में सेन के बाहर होने के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स में पुरुष और महिला वर्ग में भारत का एकल अभियान भी समाप्त हो गया। तनीषा क्रास्टो-ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में मलेशिया की हू पैंग रॉन-चेंग सु यिन से हार का सामना करना पड़ा।

# स्वियाटेक को हराकर मैडिसन कीज ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



मेलबर्न। अमेरिका की मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेका को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज 29 साल की कीज ने शुरुआती सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से जीत दर्ज की। कीज के सामने शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी एरिना सबालेंका की चुनौती होगी। बेलारूस की 26 साल की सबालेंका ने अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बनने की ओर कदम बढ़ाया। स्वियातेक को शिकस्त देने के बाद कीज कोर्ट पर बैठ गई और रैकेट नीचे रख अपने हाथों से सिर को पकड़ लिया। उन्होंने शायदा मैच में शानदार वापसी करने को 'काफी नाटकीय समापन' करार देते हुए कहा कि मैं अब भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि मैंने यह सब कैसे किया। इस 19वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 5 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने को बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि मुझे ऐसा लगा जैसे मैं इसमें बने रहने के लिए संघर्ष कर रही हूं। यह बहुत ज्यादा उतार-चढाव से भरा मैच था। सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। सेरेना विलियम्स भी 2015 से 2017 तक 3 बार इसके फाइनल में पहुंची है लेकिन वह 2 बार चैंपियन बनी थी। फाइनल में जगह बनाने के बाद सबालेंका ने कहा कि मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं। मुझे अपने आप पे गर्व है। मुझे अपनी टीम पर गर्व है कि हम खुद को ऐसी स्थिति में पहुंचाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि अगर मैं खुद को इतिहास (किताबों) का हिस्सा बना पाऊं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखने वाला होगा।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड दोबारा तोड़ना और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक है प्रवीण का लक्ष्य

**विजयनगर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ट्रिपल जम्प खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल महाद्वीपीय खेलों में एक बार फिर पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं लेकिन उनका लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे।

तमिलनाडु का यह खिलाड़ी 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत के ही एलधोस पॉल (17.03 मीटर) और अब्दुल्ला अबुबाकर (17.02 मीटर) ने इस स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जबकि वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते हैं।

यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूफ ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे प्रवीण ने विशेष साक्षात्कार में कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, सब कुछ। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक गंवा दिया था। मेरे पास एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि मैं एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) में पदक जीतूंगा लेकिन मैं राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता।' राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। तेइस साल के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।' प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'

प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा कि परिवार के कई सदस्यों के खेलों से जुड़े होने और पढ़ाई में काफी अच्छा नहीं होने के कारण उनके लिए खेलों से जुड़ने का फैसला करना अधिक मुश्किल नहीं था। प्रवीण ने कहा, 'मेरा परिवार खेलों में रहा है, मेरे चाचा, मेरे पिताजी कबड्डी खेलते थे। मैं भी पहले कबड्डी खेलता था, फिर मेरे पिता ने कहा कि जब आपके लिए अच्छा हो तो आप व्यक्तिगत खेलों को खेल सकते हैं। टीम खेल ऐसा नहीं है कि हर व्यक्ति हर बार आपके साथ आए इसलिए व्यक्तिगत रूप से आप अपने लिए नाम बना सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'पढ़ाई में मैं काफी अच्छा नहीं था लेकिन खेल मुझे अधिक सहज लगे इसलिए मैंने इनसे जुड़ने का फैसाल किया।' प्रवीण ने कहा कि शुरुआत में सुविधाओं की कमी थी लेकिन



नतीजे हासिल करने के बाद उन्हें सुविधाएं मिलने लगीं। तमिलनाडु के थंजावुर जिले के इस खिलाड़ी ने कहा, 'नहीं, मेरे गांव में हमारे पास कोई सुविधा नहीं थी लेकिन मैं अपने राज्य और जिले में क्षेत्रीय और जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में जगह बना रहा था। इसके बाद सातवीं कक्षा के दौरान मुझे चेन्नई में हॉस्टल मिला, 10 या 11 साल की उम्र में, फिर मुझे सुविधाएं मिलने लगीं।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी : अगले माह ही मिल पायेंगे पीसीबी को स्टेडियम

लाहौर। अगले माह 19 फरवरी से शुरु हो रहे आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबलों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को स्टेडियम दो सप्ताह पहले ही मिल पायेगे। इसका कारण है कि यहां निर्माण का काम अभी पूरा नहीं हो पाया है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इन दोनों स्टेडियम को पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के मैचों से परखा जाएगा कि ये सही हैं कि नहीं। अभी इस बात को लेकर भी पीबीबी को चिंता है कि क्या यह स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी तक पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे और उनमें जोड़ी गई नई सुविधाओं की जांच परख करने के लिए पर्याप्त समय होगा या नहीं। कराची के नेशनल स्टेडियम के महा प्रबंधक अरशद खान ने कहा कि नवीनीकरण का कार्य जनवरी के आखिर तक पूरा हो जाएगा और पांच फरवरी को इसे पीसीबी को सौंप दिया जाएगा। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की भी यही स्थिति है। पीसीबी ने इन दोनों स्टेडियम और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 12 अरब पाकिस्तानी रुपए खर्च किए हैं। कराची के नेशनल स्टेडियम में काफी बदलाव किए गए हैं। इसमें एक पांच मंजिला इमारत तैयार होने के करीब है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 : जेपीसी की बैठक में हंगामा, ओवैसी और कल्याण बनर्जी समेत 10 विपक्षी सांसद सस्पेंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक शुक्रवार सुबह 11 बजे से शुरू हुई. खबर है कि बैठक शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया. आरोप लगाया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है. जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में बनी वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति को कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचारों को सुनना था, लेकिन मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों में बहस हो गयी.



**हंगामे के कारण बैठक की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गयी**

विपक्षी नेताओं का आरोप था कि भाजपा दिल्ली चुनाव को ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट जल्दी संसद में पेश करने पर जोर दे रही है. बता दें कि बहस और हंगामे के कारण बैठक की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गयी. इसके बाद जगदंबिका पाल ने निर्णय लेते हुए असदुद्दीन ओवैसी और कल्याण बनर्जी समेत 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया. इसके बाद बैठक में कश्मीर के प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी गयी.

**जगदंबिका पाल ने कहा, कल्याण बनर्जी ने मेरे खिलाफ असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया**

बैठक में हंगामे को लेकर जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा,हमने सदन को दो बार स्थगित किया. कल्याण बनर्जी ने मेरे खिलाफ असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया और मुझे गाली दी, मैं उनसे अनुरोध करता रहा कि वे उन लोगों को बोलने दें, जिन्हें हमने आमंत्रित किया था. हमने सदन को बार-बार स्थगित किया लेकिन वे (विपक्षी सांसद) नहीं चाहते थे कि बैठक जारी रहे. जम्मू-कश्मीर से एक प्रतिनिधिमंडल आया था, लेकिन वे (विपक्षी सांसद) चिल्लाते और नारे लगाते रहे. इसलिए आखिरकार निशिकांत दुबे को एक प्रस्ताव पेश करना पड़ा और सभी ने इस पर सहमति जताई.

**बनर्जी ने आरोप लगाया, भाजपा सांसदों के मन में जो आ रहा है, वह बोल रहे हैं**

जेपीसी की बैठक में हंगामे को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, मैंने विपक्ष को कभी नहीं रोका. आज तक जब भी मीटिंग हुई, मुझे बोलने का मौका नहीं दिया गया. आज जिस तरह से बदतमीजी की गयी, वो किसी भी तरह से स्वीकार नहीं है. तृणमूल पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसदों के मन में जो आ रहा है, वह बोल रहे हैं. जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसद इस बात पर सवाल उठा रहे थे कि एड-हॉक मीटिंग क्यों बुलाई जा रही है.

**कश्मीर के सामाजिक और धार्मिक प्रतिनिधियों को बोलने नहीं दिया**

भाजपा सांसद राधामोहन अग्रवाल ने आज के हंगामे को दुःखद करार देते हुए कहा कि ठगबंधन के सदस्यों ने कश्मीर के सामाजिक और धार्मिक प्रतिनिधियों को बोलने नहीं दिया और वेल में आ गये. कहा कि विवश होकर संयुक्त संसदीय समिति ने इन सदस्यों को सस्पेंड कर जम्मू-कश्मीर के सदस्यों की बात सुनी. जान लें कि विपक्षी सांसद चाहते थे कि क्लॉज-दर-क्लॉज चर्चा 31 जनवरी को हो, लेकिन समिति के अध्यक्ष 27 जनवरी की तारीख पर अड़े रहे. पहले 24 और 25 जनवरी को चर्चा की तारीख तय थी, लेकिन अचानक यह तारीख बदलकर 27 जनवरी कर दी गयी. इस पर भी सांसदों ने आपत्ति जताई.

# दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर केजरीवाल का तंज, अमित शाह को योगी से 'सीखने' की दी सलाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है. केजरीवाल ने कहा कि योगी ने बिल्कुल सही मुद्दा उठाया है. दिल्ली में 11 गैंगस्टर सक्रिय हैं, जो अलग-अलग हिस्सों को नियंत्रित कर रहे हैं. व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है, गंगवार हो रहे हैं, और महिलाओं व बच्चों का अपहरण आम हो गया है. लोग डर के साए में जी रहे हैं. योगी को गृह मंत्री अमित शाह को बताना चाहिए कि किस तरीके से अपराध रोका जाता है.




**दिल्ली की कानून-व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है और गृह मंत्री अमित शाह को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए. केजरीवाल ने योगी आदित्यनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर योगी जी ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधार दी है और गैंगस्टरों का सफाया कर दिया है, तो उन्हें अमित शाह जी को समझाना चाहिए कि यह काम कैसे किया जाता है.

**अमित शाह का कानून-व्यवस्था के बजाय दूसरी चीजों पर ध्यान**

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अमित शाह दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर ध्यान देने के बजाय विधायकों को खरीदने और सरकारें गिराने में व्यस्त हैं. उन्होंने योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वह अमित शाह को यह सिखाएं कि दिल्ली को गैंगस्टरों के चंगुल से कैसे मुक्त कराया जाए.

**सुरक्षा हटाने पर जताई नाराजगी**

पंजाब पुलिस द्वारा उनकी सुरक्षा हटाए जाने पर केजरीवाल ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा को राजनीति का हथकंडा बना दिया गया है. निजी सुरक्षा व्यवस्था पर राजनीति नहीं होनी चाहिए.

## दिल्ली हाईकोर्ट ने एआईएमआईएम की मान्यता रद्द करने की याचिका को किया खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन की राजनीतिक दल के रूप में मान्यता रद्द करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है. चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सिंगल बेंच की याचिका में हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है. बता दें कि 21 नवंबर 2024 को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने याचिका खारिज कर दी थी. जस्टिस प्रतीक जालान की सिंगल बेंच ने ये याचिका खारिज की थी. याचिका तेलंगाना के शिवसेना के नेता टीएन मुरारी ने दायर की थी. याचिका में कहा गया था कि एआईएमआईएम धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के सिद्धांतों को नहीं मानती है. एआईएमआईएम धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है, इसलिए उनकी बतौर राजनीतिक दल मान्यता रद्द की जानी चाहिए. याचिका में ये भी कहा गया था कि किसी भी पार्टी का रजिस्ट्रेशन करते समय निर्वाचन आयोग उसके पदाधिकारियों से इस बात का हलफनामा लेता है कि वे देश के संवैधानिक मूल्यों का पालन करेंगे. एआईएमआईएम किसी खास धर्म के बढ़ावा के लिए काम करती है. कोर्ट ने कहा था कि भ्रष्ट आचरण को परिभाषित करते समय चुनाव प्रक्रिया के समय का विवाद है और उसके लिए चुनाव याचिका या जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8ए के तहत उम्मीदवारों की अयोग्यता के लिए याचिकाएं दायर की जाती हैं.

# गुजरात के खंभात में ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री मिली, 100 करोड़ का नशीला पाउडर जब्त

एजेंसी

**आणंद।** आणंद जिले के खंभात के सोखडा जीआईडीसी क्षेत्र में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। छापेमारी में करीब 100 करोड़ रुपये का नशीला पाउडर जब्त किया गया है। स्क्वॉड की 60 से अधिक अधिकारियों के सर्वे के बाद एटीएस टीम ने फैक्ट्री संचालक समेत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर अहमदाबाद ले गई है। एटीएस सूत्रों के अनुसार सोखडा जीआईडीसी में किराए पर फैक्ट्री लेकर उसका संचालन किया जा रहा था। फैक्ट्री से नींद की दवा अल्प्राइजोलम बनाने के लिए जिस पदार्थ का उपयोग होता है, उसका करीब 100 किलो केमिकल युक्त पाउडर जब्त किया गया है। इसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपये बताई गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार खंभात के सोखडा जीआईडीसी क्षेत्र के ग्रीनलाइफ इंडस्ट्रीज में एटीएस ने गुरुवार को छापेमारी की थी। गुरुवार सुबह से बल्क ड्रग्स और मैनुफैक्चरिंग ग्रीन लाइफ इंडस्ट्रीज में करीब 18 घंटे का सर्वे



चला। इसमें कंपनी के मालिक, पार्टनर समेत कर्मचारियों को गुरुवार देर शाम तक पूछताछ की गई। इस सर्च ऑपरेशन में एटीएस की टीम ने आणंद के एसओजी और एफएसएल की टीम को भी साथ रखा था। सूत्रों के अनुसार यह फैक्ट्री देव दिवाली से शुरू की गई थी। इसमें पहले कंपनी संचालक इन्जेक्शन के व्यवसाय से जुड़े थे। बाद में उन्होंने केमिकल का काम शुरू किया था। इसमें केमिकल युक्त पाउडर बनाए जाने की एटीएस को सूचना मिली थी। इसी शंका के आधार पर कार्रवाई की गई। एटीएस की जांच में खुलासा हुआ है कि अहमदाबाद के 2 भागीदारों ने फार्मा कंपनी शुरू की थी। फैक्ट्री में अल्प्राजोलम नामक नींद की दवा बनाई जाती थी। एटीएस की छापेमारी में संदिग्ध केमिकल के 21 बैरल भी जब्त किए गए हैं।

# महाकुंभ 2025 : 24 से 26 जनवरी तक त्रिवेणी के आकाश में दिखेगा ड्रोन का शो, श्रद्धालु संस्कृति का संगम नजारा देख सकते हैं

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 का अगाज 13 जनवरी से हुआ है और इसका समापन 26 फरवरी को होगा। 45 दिन तक महाकुंभ मेला लगेगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा। बता दें कि, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर से महाकुंभनगर के सेक्टर-7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह शो आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा, जो कि श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। इस आयोजन को लेकर पर्यटन विभाग ने विशेष तैयारी की है।



**रोशनी और संगीत के सामंजस्य का नजारा देखने को मिलेगा**

प्रयागराज में गुरुवार की शाम सेक्टर-7 ड्रोन शो का रिहर्सल हुआ है। शो में ड्रोन एक साथ आकाश में उड़कर विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाकुंभ के महत्व के दशार्ने वाले दृश्य ड्रोन के जरिए आकाश में उकेरे जाएंगे। रोशनी और संगीत के समन्वय का यह नजारा काफी खूबसूरत दिखेगा। इस नजारा को देखकर श्रृद्धालुओं मंत्रमुग्ध कर देगा।

**सुरक्षा के होंगे खास इंतजाम**

दरअसल, प्रशासन ने ड्रोन शो को लेकर सख्त सुरक्षा सुनिश्चित की है। शो के रिहर्सल के दौरान स्थानीय प्रशासन, पुलिस और पर्यटन विभाग ने आपसी सामंजस्य से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है।

# महाकुंभ में आज से विहिप का सम्मेलन, वक्फ-सनातन बोर्ड, काशी-मथुरा सहित प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 पर होगा मंथन

एजेंसी

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में शुक्रवार से विश्व हिंदू परिषद के चार दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ हो रहा है. पहले दिन आज केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक होगी. बैठक में 13 अखाड़ों और चारों शंकराचार्य को शामिल होने का न्योता दिया गया है. खबर है कि बैठक में वक्फ और सनातन बोर्ड के मुद्दे पर चर्चा होगी. संघ और विश्व हिंदू परिषद के अधिकारी संतों और धमार्चार्यों से इस संबंध में बात करेंगे.

**महाकुंभ में देशभर के बड़े संत और साधु-महात्मा आये हुए हैं**

प्रयागराज महाकुंभ में इस समय देशभर के बड़े संत और साधु-महात्मा आये हुए हैं. कहा जा रहा है कि ऐसे मौके पर श्लढ की बैठक की काफी अहमियत है.



बैठक में लिये जाने वाले निर्णयों का आने वाले दिनों में देश की राजनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है. विश्व हिंदू परिषद के सूत्रों के अनुसार संतों के साथ समागम में काशी और मथुरा सहित प्लेसेज ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रॉविजन) एक्ट,1991 प्रमुख एजेंडा पर चर्चा संभव है.बैठक में वक्फ और सनातन बोर्ड पर भी चर्चा होने की बात कही गयी है.

**हिंदुओं में घटती जन्म दर, घर वापसी पर भी चर्चा**

कुछ अन्य विषय जिस पर विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल की चार दिनी बैठकों में संतों के साथ चर्चा होने की संभावना है. इनमें हिंदुओं में घटती जन्म दर, घर वापसी सहित लव जिहाद जैसे विषय शामिल हैं. आज महाकुंभ के 12वा दिन है. दस करोड़ से भी अधिक लोग अब तक स्नान कर चुके हैं. महाकुंभ में बुधवार को 48.74 लाख से अधिक लोगों ने पवित्र डुबकी लगाई थी.

# अमेरिका : बर्थराइट सिटिजनशिप पर प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर रोक

एजेंसी

**वाशिंगटन।** बर्थराइट सिटिजनशिप पर अमेरिकी प्रेसिडेंट की डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर रोक लग गयी है. खबर है कि यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जॉन कॉफनर ने ट्रंप के आदेश को असंवैधानिक करार देते हुए अस्थायी रूप से उस पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने ट्रंप के ऑर्डर को 14वें संशोधन के खिलाफ माना है. ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही बर्थराइट सिटिजनशिप को समाप्त करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किया था. बर्थराइट सिटिजनशिप पर ट्रंप के फैसले के खिलाफ डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले चार राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था.



**डोनाल्ड ट्रंप का आदेश 20 फरवरी से लागू होनेवाला था**

डोनाल्ड ट्रंप का आदेश 20 फरवरी से लागू होनेवाला था. फेडरल जज ने अपना आदेश डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले राज्यों और सिविल राइट्स ग्रुप्स की याचिका पर सुनाया है, जिसमें ट्रंप के कार्यकारी आदेश को चुनौती दी गयी थी. डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ लेने के बाद अमेरिकी एजेंसियों से ऐसे बच्चों की नागरिकता अस्वीकार करने का आदेश जारी किया था, जिनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं हों.

**कोर्ट ने माना ट्रंप का ऑर्डर 14वें संशोधन के खिलाफ**

वाशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन आदि डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने ट्रंप के आदेश को अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन के नागरिकता खंड में निहित अधिकार का उल्लंघन बताया था. इसमें प्रावधान है कि अमेरिका में जन्मा कोई भी शख्स देश का नागरिक है.

# एक्शन में ट्रंप, अवैध प्रवासियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन, 538 गिरफ्तार, सैनिक विमानों से सैकड़ों डिपोर्ट किये गये

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सत्ता संभाले जाने के बाद अमेरिका में अवैध प्रवासियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एक्शन शुरू हो गया है. खबर है कि पिछले कुछ घंटे में ट्रंप प्रशासन ने कम से कम एक हजार अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई की है. इस संबंध में व्हाइट हाउस द्वारा ट्वीट कर जानकारी दी गयी है कि अब तक 538 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा 373 को हिरासत में लेकर कैंपों में भेजा गया है.



**आईसीई की नजर उन प्रवासियों पर, जो अपराधों की सजा पा चुके हैं**

बता दें कि अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट द्वारा की जा रही है. आईसीई के अधिकारियों का कहना है कि उनके विभाग ने ट्रंप के वादे के अनुसार अवैध प्रवासियों की सामूहिक निकासी का काम शुरू कर दिया है. फिलहाल आईसीई की नजर उन प्रवासियों पर है, जिन्हें अमेरिकी अदालतें किसी न किसी अपराध में सजा सुना चुकी है.

**वाशिंगटन, फिलाडेल्फिया, बोस्टन, अटलांटा, नेवार्क में छापा**

अमेरिकी मीडिया ने जानकारी दी है कि यूएस एजेंट वाशिंगटन डीसी, फिलाडेल्फिया, बोस्टन, अटलांटा, नेवार्क और मियामी सहित कई शहरों में अवैध प्रवासियों की तलाश में छापे मार रहे हैं. अमेरिकी फेडरल एजेंसियां का कहना है कि इन इलाकों में अवैध अपराधी आसानी से पनपते हैं और इन्हें संरक्षण भी मिलता है.

**सैकड़ों को सैनिक विमानों से डिपोर्ट किया गया है, कहां ले जाया गया है, पता नहीं**

डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव ने एक्स पर जारी किये गये एक पोस्ट में कहा, 538 अवैध प्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा सैकड़ों को सैनिक विमानों से डिपोर्ट किया गया है. कहा कि इन्हें डिपोर्ट कर कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है. कैरोलिन लेविट ने कहा, इतिहास का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन ऑपरेशन अच्छी तरह से चल रहा है. वादे पूरे किये गये. सब से बड़ी बात कि व्हाइट हाउस ने ट्रंप प्रशासन द्वारा गिरफ्तार किये गये कुछ लोगों के नाम और उनके द्वारा किये गये अपराधों की जानकारी शेयर की है. इन अपराधों में बलात्कार, 14 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे का यौन शोषण शामिल है. कैरोलिन लेविट ने कहा, ट्रंप प्रशासन ने जिन 538 अवैध अप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक संदिग्ध आतंकवादी, ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्य और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई अपराधी हैं.

## संक्षिप्त खबर

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने हथियारों और विस्फोटक का जखीरा बरामद किया



**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में अभियान चलाकर हथियार और विस्फोटक का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने आज सुबह बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाना क्षेत्र के फुंगई चिंग, एनगामुखोंग इलाके से एक सिंगल बोर गन, एक देसी पिस्टल, मैगजीन, एक नाइन एमएम पिस्टल मैगजीन, 10 हाई-एक्सप्लोसिव हैंड ग्रेनेड, एक बाओफेंग रेडियो सेट, एक एंटी-रायट ग्रेनेड, एक स्टन शेल, 50 खाली .303 राउंड, 36 जीवित राउंड और 45 खाली कारतूस बरामद किया है ।सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के वाबगई बफैलो फार्म क्षेत्र के पास से एक एयर गन राइफल, दो बिना डेटोनेटर के हाई-एक्सप्लोसिव ग्रेनेड, दी जीवित 51 एमएम हाई-एक्सप्लोसिव शेल, 10 नग 7.62 एमएम जीवित राउंड, 15 खाली एके राइफल कारतूस, चार स्टन शेल, दो बुलेटप्रूफ प्लेट और एक बुलेटप्रूफ वेस्ट बरामद किए। इनके अलावा, जीरीबाम जिले के जाईरोल और उचाथोल जंगल क्षेत्रों से एक एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक बारह बोर सिंगल बैरल गन, 60 जीवित राउंड, पांच यूबीजीएल राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए।

### कोंडापुर में कार शोरूम में आग, 14 कारें जलकर राख



**हैदराबाद:** हैदराबाद के कोंडापुर स्थित महिंद्रा कार शोरूम में गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे भीषण आग लग गई. जिससे भारी नुकसान हुआ. शोरूम बंद होने के समय सुरक्षा कर्मचारियों ने घना धुआं देखा. जिसके बाद तुरंत ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी गई. फायर ब्रिग्रेड विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी. आग बुझाने और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने 2.5 घंटे से अधिक समय तक अथक परिश्रम किया. आग से शोरूम की दो मंजिलों पर मौजूद 14 कारें नष्ट हो गईं. शुक्र है कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली. एहतियात के तौर पर पुलिस ने आग फैलने के किसी भी खतरे को रोकने के लिए शोरूम से सटे सहर्ष ग्रैंड ओयो होटल के निवासियों को बाहर निकाल लिया. इस घटना के कारण कोंडापुर और कोठागुडा को जोड़ने वाली व्यस्त सड़क पर भारी यातायात जाम लग गया. अधिकारियों को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी. वास्तविक कारण का पता लगाने तथा संपत्ति की क्षति का आकलन करने के लिए जांच चल रही है. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अग्निशमन विभाग और पुलिस की त्वरित कार्यवाही के कारण नुकसान को कम किया जा सका.

### लांस एजलिस में लग गई एक और जगह आग, धधक रहा 9000 एकड़ इलाका



**कैलिफोर्निया।** पिछले दो हफ्ते से भी ज्यादा वक्त से अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लांस एजलिस शहर में आग लगी हुई है। जिस तरीके से इस आग को बुझाने की नई नई कोशिशें हो रही है। उसी तेजी से नए नए इलाकों में ये आग फैल रही है। 22 जनवरी की सुबह कैलिफोर्निया में ही एक नई आग शुरू हो गई। इसे ह्यूज फायर नाम दिया गया। इस आग का कंटेनमेंट पर्सेंटेज जीरो है। यानी इस पर बिल्कुल भी काबू नहीं पाया जा सका। ये लांस एजलिस के जल चुके इलाके से 64 किलोमीटर दूर है। अपडेट के मुताबिक ये आग करीब 9 हजार एकड़ तक फैल चुकी है। इसके चलते एहतियातन करीब 50 हजार लोगों को घर छोड़ने के लिए कहा गया है। इसके अलावा मौसम विभाग ने बारिश की भविष्यवाणी की है। लेकिन हालात ऐसे हैं कि बारिश की उम्मीद भी पूरी तरह साकारात्मक नहीं है। बारिश के बाद जले हुए इलाके में भूस्खलन और मलबे के बहने की आशंका बढ़ गई है। ताजा मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस शहर में लगी भीषण आग पर दमकलकर्मियों ने काफी हद तक काबू पा लिया है, जिसके बाद वह आदेश वापस ले लिया गया, जिसके तहत हजारों लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया था। अपने दूसरे कार्यकाल के शुरूआती घंटों में ट्रंप ने संघीय अधिकारियों को सेंट्रल वैली और राज्य के दक्षिणी भाग में घनी आबादी वाले शहरों में अधिक पानी पहुंचाने के लिए योजनाओं का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया था। दो दिन बाद उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कैलिफोर्निया के नेता पानी के मुद्दे पर राज्य का दृष्टिकोण नहीं बदलते तो वे संघीय आपदा सहायता रोक देंगे।

### फिल्म निर्माता रामगोपाल वर्मा को चेक बाउंस मामले में 3 महीने की सजा

**मुंबई।** फिल्ममेकर रामगोपाल वर्मा, जिन्होंने हाल ही में अपनी फिल्म 'सिंडिकेट' की घोषणा की थी, को चेक बाउंस के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला पिछले सात सालों से चल रहा था, जिसमें अंधेरी मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें तीन महीने की सजा सुनाई है. कोर्ट में सुनवाई के दौरान वर्मा की गैरमौजूदगी के कारण उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया और गिरफ्तारी का आदेश दिया गया. रिपोर्ट्स के अनुसार, रामगोपाल वर्मा को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत दोषी पाया गया है, जो चेक बाउंस मामलों से संबंधित है. कोर्ट ने उन्हें शिकायतकर्ता को तीन महीने के भीतर 3.72 लाख रुपए मुआवजे के रूप में चुकाने का आदेश दिया है. आदेश का पालन न करने पर उन्हें तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. मैजिस्ट्रेट वाई.पी. पुजारी ने कहा कि, आरोपी ने ट्रायल के दौरान हिरासत में कोई समय नहीं बिताया है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 428 के तहत सजा की अवधि में कोई कटौती नहीं होगी. 2018 में श्री नाम की एक संस्था ने महेशचंद्र मिश्रा के जरिए रामगोपाल वर्मा की कंपनी के खिलाफ यह मामला दर्ज कराया था.



# फिल्म 'जाट' का नया पोस्टर हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** 'गदर 2' से तहलका मचाने के बाद सनी देओल अपनी फिल्म 'जाट'लेकर आने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। नए पोस्टर में सनी देओल एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट'सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। इससे पहले दिसंबर में इसका धांसू टीजर भी रिलीज किया गया था। शुक्रवार की सुबह निर्माताओं ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर नए पोस्टर के साथ लिखा, 'एक्शन सुपरस्टार सनी देओल बड़े पर्दे पर बिना किसी रोक के एक्शन अवतार के साथ आ रहे हैं।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## शादी के बाद तिरुपति में बसने की है प्लानिंग

दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर बी टाउन की यंग ब्रिगेड की टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं। 2018 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। धड़क से लेकर मिस्टर एंड मिसेज माही तक, अभिनेत्री ने अब तक निभाई हर भूमिका में अपने टैलेंट का लोहा मनवाया है।

अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों कैफे से लेकर मंदिर तक साथ स्पॉट होते रहते हैं। वहीं, हाल ही में जाह्नवी कपूर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक्ट्रेस अपने वेडिंग प्लान के बारे में बताती हुई नजर आई थीं। उस दौरान करण जौहर भी उनके साथ ही बैठे थे। स्टारी नाइट्स विद कोमल नहाटा के एक एपिसोड के दौरान, जाह्नवी कपूर ने अपने वेडिंग प्लान का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था, 'मेरी शादी करने और अपने पति और अपने तीन बच्चों के साथ तिरुमाला, तिरुपति में बसने की प्लानिंग है और हम हर दिन केले के पत्तों पर खाना खाएंगे और 'गोविंदा, गोविंदा' सुनेंगे।' और मैं अपने बालों में मोगरा लगाऊंगी, सुबह मणिरत्नम का म्यूजिक सुनूंगी, अपने पति को लुंगी में चंपी करूंगी।' हालांकि, डायरेक्टर करण जौहर, जो इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर के साथ मौजूद थे वे एक्ट्रेस के वेडिंग प्लान से जरा भी इम्प्रेस नहीं दिखे थे। उन्होंने तुरंत इस आइडिया को खारिज करते हुए कहा था, 'लुंगी पहनकर बैठे और केले के पत्ते से खाना खाते हुए एक आदमी में रोमांटिक क्या है?'



हॉलीवुड मसाला



# फिर हॉलीवुड में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा एक बार फिर हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। अभिनेता दोबारा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर 'मैचबॉक्स' में निर्देशक सैम हार्ग्रेव के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में जॉन सीना भी हैं। इससे पहले उन्होंने निर्देशक के साथ साल 2020 में नेटफ्लिक्स 'एक्सट्रैक्शन' में काम किया था। लाइव-एक्शन फिल्म, जो मैटल की लोकप्रिय मैचबॉक्स टॉय व्हीकल लाइन से प्रेरित है में हॉलीवुड सितारे टेयोना पैरिस, जेसिका बील और सैम रिचर्डसन भी होंगे।



# रैपर एमिवे बंटाई ने गायिका स्वालिना से रचाई शादी

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय रैपर एमिवे बंटाई ने अभिनेत्री-गायिका स्वालिना के साथ शादी रचा ली है। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट करके प्रशंसकों को चौंका दिया। एमिवे बंटाई और स्वालिना ने 2023 में हिट ट्रैक कुडी पर साथ काम किया था। इस कपल ने अपने खास दिन के पलों को इंस्टाग्राम पर साझा किया। एमीवे और स्वालिना दोनों ने अपने खास दिन के लिए रिच प्लम आउटफिट चुना। स्वालिना ने अपने प्लम ब्लाउज को डस्टी रोज लहंगे के साथ पेयर किया। उन्होंने अपने पारंपरिक आउटफिट में आधुनिक टच जोड़ते हुए अपने शेड्स में पोज दिया। अपने खास दिन पर यह कपल मुस्कुराता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में उन्होंने 'अल्हम्दुलिल्लाह' लिखा। इस खबर से प्रशंसक बहुत खुश हुए।



# नयनतारा 'टॉक्सिक' का बनीं हिस्सा

**मुंबई।** नयनतारा निर्देशक गीतू मोहनदास की आगामी फिल्म टॉक्सिक में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि निर्माताओं ने अभी तक फिल्म के कलाकारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने पुष्टि की है कि नयनतारा वास्तव में फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह फिल्म के बारे में अधिक खुलासा नहीं करना चाहेंगे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अक्षय ने कहा, 'मैं अभी रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक की शूटिंग कर रहा हूं। नयनतारा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मैं फिल्म के कलाकारों के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता, क्योंकि टीम को यह पसंद नहीं आएगा। मुझे गीतू मोहनदास बहुत पसंद हैं, जो फिल्म की निर्देशक हैं।' इससे पहले ऐसी अफवाहें उड़ी थीं कि नयनतारा ने फिल्म में करीना कपूर खान की जगह ली है।



# कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड लेने से किया मना

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मैक्स 25 दिसंबर को रिलीज हुई थी, जिसने 50 से 60 करोड़ के बजट में 60–62 करोड़ का कलेक्शन अपने नाम किया था। वहीं, कन्नड़ की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई थी। लेकिन, हिट फिल्म देने के बावजूद हाल ही में एक्टर किच्चा सुदीप ने कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड लेने से मना कर दिया है। कन्नड़ एक्टर किच्चा सुदीप ने 2019 की फिल्म पैलवान में अपनी भूमिका के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार के लिए बेस्ट एक्टर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद इस सम्मान को अस्वीकार कर दिया।उन्होंने यह कहते हुए इस सम्मान को अस्वीकार कर दिया कि उन्होंने कई साल पहले पुरस्कार न लेने का पर्सनली फैसला लिया था, जिसे वह जारी रखना चाहते हैं।

टीवी मसाला



# 'डायन का मौसम' में सस्पेंस और ड्रामा का दिखा मिश्रण

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया सुपरनैचुरल शो 'जादू तेरी नजर' दर्शकों के लिए लॉन्च कर दिया गया है। चैनल ने इस शो की शुरुआत से पहले कुछ रहस्यमयी टीजर और वीडियो के जरिए दर्शकों में उत्सुकता बढ़ाई थी। अब शो का पहला एपिसोड प्रसारित हो चुका है। इस शो के पहले एपिसोड में श्रेनु पारिख के भयावह किरदार को पेश किया गया है,

# झुग्गियों से उठी नन्ही 'सजदा' थी बाल मजदूर

**नई दिल्ली।** ऑस्कर 2025 के नॉमिनेशन की घोषणा हो चुकी है और लिस्ट में जगह बनाने वाली फिल्मों के बारे में खूब बातें हो रही हैं। इनमें से ही एक फिल्म है 'अनुजा'। इसकी लीड एक्ट्रेस की कहानी मजेदार है, जो झुग्गियों से उठकर फिल्मों में आई और अब सिनेमा की दुनिया में चमक रही है। गुरुवार को, जैसे ही 2025 ऑस्कर के लिए नॉमिनेशन की घोषणा की गई, फिल्मों को सर्च करने की होड़ लग गई। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' रेस में चूक गई लेकिन ऐसी कई फिल्में हैं जिनकी लगातार चर्चा हो रही है। हालांकि, भारत के लिए अभी भी थोड़ी एक्साइटमेंट बाकी है क्योंकि दिल्ली पर बेस्ड एक शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' को बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म के लिए नॉमिनेट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा, मिंडी कलिंग और गुनीत मोंगा जैसे नामों से से सजी फिल्म 'अनुजा' ऑस्कर की दौड़ में है। लेकिन सबका ध्यान फिल्म की कमान संभालने वाली 9 साल की बच्ची पर है।

### रेस्क्यू कर बनाया एक्ट्रेस



### सलाम बालक ट्रस्ट ने बचाया

सजदा दिल्ली में बाल मजदूर थी। सलाम बालक ट्रस्ट ने उसे बचाया और वह फिलहाल एनजीओ के एसबीटी डे केयर सेंटर में रहती है। सलाम बालक ट्रस्ट की स्थापना 1988 में मीरा नायर की ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्म 'सलाम बॉम्बे' के पैसों से की गई थी। ट्रस्ट ने शाइन ग्लोबल और कृष्ण नाइक फिल्म्स के सहयोग से अनुजा को बनाया है।

### 9 वर्षीय लड़की की है कहानी

एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई के डायरेक्शन में बनी 'अनुजा' एक 9 वर्षीय लड़की की कहानी है। उसके पास दो ऑप्शन होते हैं- अपनी बहन के साथ पढ़ाई और कारखाने के काम। एक डिसीजन उसके भविष्य में मदद करेगा। फिल्म में साजदा पठान लीड रोल में हैं और अनन्या शानबाग उनकी बहन के रोल में हैं। नई दिल्ली में बनी इस फिल्म के मेकर्स गुनीत मोंगा, प्रियंका चोपड़ा और हॉलीवुड एक्टर मिंडी कलिंग हैं।

### कौन हैं 'अनुजा' की यंग स्टार सजदा पठान

फिल्म की स्टार सजदा पठान की अपनी एक अलग ही खूबसूरत कहानी है। 'अनुजा' उनकी दूसरी फिल्म है। ये लड़की झुग्गियों से उठी थी और एक एनजीओ ने उसे बचाया था। उन्होंने पहले लेटिटिया कोलंबनी की एक फिल्म 'द ब्रैड' में काम किया था, जहां मिया मेल्जर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया था।

# हर देशवासी को एक सुर में पिरोया

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में अपने संगीत को अमर बनाने वाले पंडित भीमसेन जोशी का जन्म कर्नाटक के गड़क में हुआ था। भीमसेन जोशी ने 19 साल की उम्र में अपनी पहली प्रस्तुति दी थी। उनका पहला एल्बम 20 साल की उम्र में आया, जिसमें कन्नड़ और हिन्दी में कुछ धार्मिक गीत थे। उन्होंने अपने शुरुआती संघर्ष भरे जीवन में रेडियो कलाकार के तौर पर मुंबई में काम किया। पंडित भीमसेन जोशी को बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था। वह गुरु की तलाश में घर से निकले और जा पहुंचे अब्दुल करीम खान के पास। इसके बाद अगले दो सालों तक वह बीजापुर, पुणे और ग्वालियर में रहे।



### मिले सुर मेरा तुम्हारा

*'मिले सुर मेरा तुम्हारा' को अपनी आवाज देकर हर देशवासी को एक सूत्र में पिरोने का सुरीला संदेश देने वाले भीमसेन जोशी की गायकी ने अपने शास्त्रीय संगीत जो इतिहास रचा वह आज भी चमकदार और रोशन है।*

### भारत रत्न से किए गए सम्मानित

पंडित भीमसेन जोशी को संगीत में उनके योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण समेत कई अन्य प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स दिए गए। लंबी बीमारी के बाद 24 जनवरी 2011 को भीमसेन जोशी का निधन हो गया।

### गाना गाकर कराई थी ट्रेन की टिकट माफ

भीमसेन गुरु की तलाश में जब घर से निकले तो उनके पास पैसे नहीं थे। वह बिना टिकट के ही ट्रेन में बैठ गए और उन्होंने बीजापुर तक का सफर तय किया। ट्रेन में टी.टी. को राग भैरव में 'जागो मोहन प्यारे' और 'कौन-कौन गुन गावे' सुनाकर अपनी ट्रेन टिकट माफ कर ली और फिर उसके बाद यात्रियों ने भीमसेन के लिए सफर के दौरान खाने-पीने का इंतजाम किया।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.